

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,मंगलवार 08 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-010 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 09 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### राजधानी में दिनदहाड़े युवक की हत्या

**रायपुर,8 अप्रैल।** राजधानी में आज दिनदहाड़े चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. आरोपी ने विवाद के बाद युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. पूरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र के नगर निगम कॉलोनी का है. पुलिस ने वारदात को अंजाम देकर फरार आरोपी शुभम को गिरफ्तार कर लिया है. मृतक की पहचान गोपी निषाद के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, गोपी निषाद उर्फ मंगल सुबह से शराब और गोली के नशे में धुत्त था. आज मंगलम भवन के सामने आरोपी शुभम साहू और गोपी निषाद के बीच नशे को लेकर मामूली विवाद हुआ. इस दौरान शुभम साहू ने गोपी निषाद के शरीर पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. जिसके बाद गोपी निषाद की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना के बाद पुलिस मामले की पतासाजी में जुट गई है. साइबर पुलिस की मदद से पुलिस ने आरोपी शुभम साहू को मेकाहारा के पास से गिरफ्तार कर लिया है. गौरतलब है कि आरोपी शुभम साहू पहले भी हत्या का प्रयास, मारपीट और चोरी जैसे अपराधों में जेल जा चुका है.

### धान खरीदी घोटाला में 20 साल बाद 17 आरोपियों को सजा

**बलरामपुर,8 अप्रैल।** जिले में 20 वर्ष पूर्व धान खरीदी में हुई गड़बड़ी पर अब कोर्ट का बड़ा फैसला आया है, जिसमें कुल 17 दोषियों को कारावास की सजा सुनाने के साथ जुर्माना भी लगाया है. मामले में रामानुजगंज नगर पालिका के अध्यक्ष रमन अग्रवाल के सगे भाई और चाचा भी शामिल हैं. वर्ष 2003-04 में कामेश्वरपुर और रामचंद्रपुर के सहकारी समिति में हुई धान खरीदी घोटाले में हुई है. कोर्ट ने धान खरीदी में गड़बड़ी करने वाले 17 लोगों के खिलाफ फैसला सुनाया है. किसानों ने धान बेचा था, और पैसा दोषियों के खाता में पैसा गया था. दरअसल, कागजों में ही धान खरीदी कर ली गई थी. आरोपियों को अदालत को तीन-तीन साल की सजा और 500-500 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई. कलेक्टर के आदेश पर फूड विभाग के अफसरों की जांच रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी. कोर्ट ने 2018 में भी सजा सुनाई थी, लेकिन आरोपियों ने ऊपरी अदालत में अपील की थी. अपील को खारिज करते हुए रामानुजगंज जिला न्यायालय ने आरोपियों को सजा सुनाई है.

### कबीरधाम पुलिस ने 35 लाख के गुम मोबाइल उनके स्वामियों को सौंपे

**कवर्धा,8 अप्रैल।** कबीरधाम जिले की साइबर सेल ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्य करते हुए 174 गुम मोबाइल फोन को ट्रैक कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाने में सफलता हासिल की है। इन मोबाइल के कीमत लगभग 35 लाख रुपए है। यह समस्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा DSP साइबर श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में पूर्ण की गई। इस संपूर्ण प्रक्रिया का नेतृत्व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष मिश्रा द्वारा किया गया, जिनके निर्देशन में एएसआई श्री चंद्रकांत तिवारी साइबर सेल से आरक्षक मनीष सिंग राजपूत, आकाश राजपूत.



### गुजरात में सीडब्लूसी की बैठक में खड़गे ने कहा

## कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाया जा रहा

**गांधीनगर,8 अप्रैल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अधिवेशन के पहले सीडब्लूसी की बैठक में कहा कि यह साल महात्मा गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी है। दिसंबर 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी मेरे गृह राज्य कर्नाटक के बेलंगाव कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष बने थे। यह शताब्दी समारोह हमने 26 दिसंबर को कर्नाटक में मनाया। गांधीजी के नेतृत्व में जैसे चम्पारण सत्याग्रह सफल रहा था और उसने गांव-गांव में कांग्रेस की जड़ों को जमाने में मदद की वैसे ही गुजरात में सरदार पटेल के नेतृत्व में चला बारडोली सत्याग्रह और दूसरे किसान आंदोलन इतिहास में अमर हैं। इसी साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेलजी की 150 वीं जयंती है। नेहरू जी उनको भारत की एकता का संस्थापक कहते थे। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है। 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाया जा रहा है। ये काम वे लोग कर रहे है जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी को लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षडयंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे। जबकि सच्चाई ये है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे। ये भी कहा कि संविधान में मनुवादी आदर्शों से प्रेरणा नहीं ली गई। मोदी सरकार ने संसद परिसर में गांधीजी और बाबा साहेब की भव्य मूर्ति को उठा कर एक कोने में डाल कर उनका अपमान किया। गृहमंत्री ने राज्य सभा में ये कह कर बाबा साहेब का मजाक उड़ाया कि आप लोग अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहते हैं, अगर इतना नाम भगवान का लेते तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

## राज्यपाल संविधान से चलते हैं पार्टियों की मर्जी से नहीं: सुको



**नई दिल्ली,8 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने आज तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि को राज्य विधानमंडल द्वारा पारित कई विधेयकों पर अपना निर्णय देरी से लेने के लिए कड़ी फटकार लगाई, उनके कार्यों को असंवैधानिक और संविधान के तहत उनकी अनिवार्य भूमिका का उल्लंघन बताया। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने फैसला सुनाया कि राज्यपाल द्वारा 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित करने का कदम - जबकि उन्हें पहले ही राज्य विधानसभा द्वारा वापस कर दिया गया था और फिर से पारित कर दिया गया था - संविधान के अनुच्छेद 200 के खिलाफ है, जो विधेयकों पर राज्यपाल की सहमति को नियंत्रित करता है।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि राज्यपाल को ऐसे मामलों में कोई विवेकाधिकार प्राप्त नहीं है और वह मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर कार्य करने के लिए बाध्य है। पीठ ने कहा कि राज्यपाल अनिश्चित काल तक स्वीकृति को रोक नहीं सकते हैं और न ही प्रभावी रूप से पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का प्रयोग कर सकते हैं। फैसले के अनुसार, एक बार जब विधानसभा द्वारा विधेयक पारित कर दिया जाता है और दूसरी बार राज्यपाल को भेजा जाता है, तो राज्यपाल के लिए एकमात्र संवैधानिक कार्यवाही यह है कि वह या तो उस पर स्वीकृति दे। या तो दुर्लभ मामलों में यदि विधेयक अपने पहले संस्करण से काफी भिन्न है, तो स्वीकृति को रोक ले। इसे फिर से राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित करने की अनुमति नहीं है। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद, सभी 10 लंबित विधेयक अब स्वीकृत हो गए हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि राज्यपाल द्वारा इन 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध और मनमाना है। यह कार्रवाई रद्द की जाती है। राज्यपाल की सभी कार्रवाई अमान्य है। बेंच ने कहा कि राज्यपाल रवि ने भले मन से काम नहीं किया। इन बिलों को उसी दिन से मंजूर माना जाएगा, जिस दिन विधानसभा ने बिलों को पास करके दोबारा राज्यपाल को भेजा गया था।

### कैबिनेट के फैसलों की जांच कराना अदालतों का काम नहीं

**नई दिल्ली,8 अप्रैल।** अदालत का काम यह नहीं है कि वह कैबिनेट की ओर से लिए गए फैसलों की जांच कराएं। शीर्ष अदालत ने कोलकाता हाई कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए यह अहम टिप्पणी की है। अदालत ने ममता सरकार को राहत देते हुए यह फैसला दिया और कहा कि शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की 25 हजार भर्तियां कराने के फैसले की सीबीआई जांच की जरूरत नहीं है। उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि अतिरिक्त भर्तियों के लिए पद सृजित किया जाना गलत था और कैबिनेट के फैसले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। इसी पर शीर्ष अदालत ने कहा कि इस केस में सीबीआई जांच की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही बेंच ने कहा कि अदालतों को कैबिनेट के फैसलों की जांच नहीं करानी चाहिए। यह उनका काम नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने ही बीते सप्ताह पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षक एवं अन्य स्टाफ की भर्ती को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि इसकी प्रक्रिया दागी थी और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। हालांकि अब बेंच ने ममता बनर्जी सरकार को थोड़ी राहत भी दी है।


## डरो मत, इनकम टैक्स वाले नहीं आएंगे

### कमाई पूछने पर हिचकिचा रहे शख्स से मोदी ने कहा

**नई दिल्ली,8 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुद्रा योजना के एक लाभार्थी के साथ हंसी-मजाक का पल साझा किया और आश्वासन दिया कि इस योजना के कारण उनकी आय में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसके कारण उन्हें आयकर विभाग की परेशानी नहीं होगी। यह अवसर तब आया जब प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए अपने आवास पर देश भर से आए लाभार्थियों के एक समूह से मिल रहे थे। बैठक के प्रसारण से पहले, एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि लाभार्थियों ने उनके साथ कई रोचक जानकारियाँ साझा कीं कि कैसे इस योजना ने उनके जीवन को बदल दिया है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा मैंने पूरे भारत से मुद्रा लाभार्थियों को अपने आवास पर आमंत्रित किया था। उन्होंने इस योजना के बारे में रोचक जानकारियाँ साझा कीं कि कैसे इस योजना ने उनके जीवन को बदल दिया है। बातचीत का एक मुख्य आकर्षण केरल के एक व्यक्ति के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत थी, जो बता रहा था कि कैसे इस योजना के तहत ऋण ने उसे अपना व्यवसाय और आय बढ़ाने में मदद की। बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने उस व्यक्ति से पूछा कि वह अब एक महीने में कितना कमा रहा है, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने थोड़ा विराम लिया और मजाक में कहा, डर मत, आयकर वाला नहीं आएगा। आयकर आपको परेशान नहीं करेगा।

इसके बाद उस व्यक्ति ने बताया कि वह प्रति माह लगभग 2.5 लाख रुपये कमा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आवास पर लाभार्थियों की मेजबानी करके



प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाई, इस अवसर पर उन्होंने इस योजना के उनके जीवन पर पड़ने वाले परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया। लाभार्थी गोपी किशन एक उद्यमी हैं, जिन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अपनी नौकरी छोड़कर अपने देश में छत पर सौर पैनल लगाने का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने बताया कि मुद्रा योजना ने उनकी यात्रा में किस तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उन्होंने बताया कि इसने उन्हें एक सफल उद्यमी बनने में मदद की है। प्रधानमंत्री ने इस टिप्पणी को स्वीकृति के साथ स्वीकार किया।

## नगरनार स्टील प्लांट में भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

**जगदलपुर,8 अप्रैल।** नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोक ओवन सेक्शन में गैस लीक के बाद भीषण आग भड़क उठी. आग इतनी विकराल थी कि 10 किलोमीटर दूर से लपटें और धुआं साफ नजर आ रहे थे, प्लांट में रखी कीमती बैटरियां जलकर खाक हो गईं. फायर ब्रिगेड की गाड़ियां शहर से 18 किमी दूर से घटनास्थल पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. इस हादसे से प्लांट को करोड़ों का नुकसान हुआ है, मेंटनेंस और उत्पादन में देरी से भी बड़ा घाटा होगा. इस पूरे घटनाक्रम में राहत की बात यह रही कि समय रहते कर्मचारियों ने खुद को सुरक्षित कर लिया, जिससे जनहानि नहीं हुई. आग लगते ही पूरे प्लांट में अफरा-तफरी मच गई, कर्मचारी जान बचाने में जुटे रहे, वहीं अधिकारी हालात को रूटीन बताकर कर्मचारियों को काम पर लगाए रखने का दबाव बनाते रहे. चिंता की बात यह है कि पूर्व में भी आगजनी और हॉट मेटल के छिड़काव जैसी



घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए थे, फिर भी न तो आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए गए, न ही कर्मचारी इलाज के लिए कोई अस्पताल प्लांट के पास मौजूद है.

## बांग्लादेश में धरती के नीचे से बार-बार प्रकट हो रहे 'भगवान विष्णु'

**ढाका,8 अप्रैल।** बांग्लादेश में धरती के नीचे से 'भगवान विष्णु' बार-बार प्रकट हो रहे हैं। ताजा मामला बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले का है। दिनाजपुर में एक तालाब से 27 किलो वजन की भगवान विष्णु की प्राचीन प्रतिमा मिली है। 29 इंच और 13 इंच चौड़ी भगवान विष्णु की प्रतिमा सैंकड़ों साल पुरानी है। धरती के नीचे भगवान विष्णु की मूर्ति मिलने की घटना से जिले में कौतूहल का माहौल है। वहीं ये सवाल उठ रहा है कि आखिर जमीन के नीचे से बांग्लादेश में बार-बार भगवान विष्णु क्यों प्रकट हो रहे हैं? जगदीश्वर क्या कुछ इशारा दे रहे हैं? यह पहली बार नहीं है, जब बांग्लादेश में धरती के नीचे से भगवान विष्णु की कोई मूर्ति निकली है। पिछले 4 साल में देश के 4 अलग-अलग हिस्सों से भगवान विष्णु की प्रतिमाएं मिलने की खबरें आ चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक विष्णु की इस प्रतिमा का वजन 27 किलो है। भगवान विष्णु के साथ-साथ प्रतिमा में माता लक्ष्मी की तस्वीर भी उकेरी गई है। दिलचस्प बात है कि बुलडोजर से खुदाई होने के बावजूद प्रतिमा के किसी भी हिस्से में टूट नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक प्रतिमा को कब्जे में लेकर कोषागर में भेजा गया है। यहां से पुरातत्व विभाग के पास इस प्रतिमा को भेजा जाएगा। पुरातत्व विभाग प्रतिमा की जांच कर बताएगी कि आखिर यह मूर्ति कब की है? इससे पहले साल 2023 में बांग्लादेश के फरीदपुर में भगवान विष्णु की एक प्रतिमा मिली थी। इस मूर्ति का वजन 32 किलो था। 2021 के अगस्त में बांग्लादेश में 1000 साल पुरानी भगवान विष्णु की प्रतिमा चुकी है। वर्तमान में बांग्लादेश के जिस जगह से भगवान विष्णु की प्रतिमा निकली है, वहां पर एक राजमहल है। यहां सालों पहले हिंदू धर्म का राजा रहता था, जो भगवान विष्णु का उपासक था। कहा जा रहा है कि उसके राजमहल की प्रतिमा ही तालाब के नीचे चली गई होगी।



### हाइड्रोलिक गाड़ी के अनियंत्रित होने से युवक गिरा,मौत

**अभनपुर,8 अप्रैल।** हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियों के लिए झंडा लगा रहे एक युवक की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. घटना में दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर मृतक के परिजनों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता गोबरा नवापारा थाना में धरना देते हुए नारेबाजी कर रहे हैं. घटना नवापारा के वार्ड क्रमांक 12 की है. 22 वर्षीय नितुल बीती रात अपने 2 साथियों के साथ नगर पालिका की गाड़ी में हनुमान जयंती महोत्सव के तैयारी के लिए राजिम रोड पर स्थित दम्मानी पेट्रोल पंप के पास सड़क के डिवाइडर में झंडा लगाने गया था. वाहन के हाइड्रोलिक में तीनों युवक चढ़कर झंडा लगा रहे थे, इसी दौरान ड्राइवर ने गाड़ी को आगे बढ़ाया तो हाइड्रोलिक पर खड़े तीनों युवक अनियंत्रित हो गए, जिससे नितुल और एक अन्य युवक सड़क पर गिर गए, वहीं तीसरे युवक ने खंभे को पकड़ कर लटक गया. नीचे गिरने से नितुल का सिर फट गया, वहीं दूसरा युवक कमर के बल गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. मामले की जानकारी मिलते ही दोनों को पहले नवापारा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए मेकाहारा रायपुर रिफर कर दिया गया.

### शेख हसीना ने भरी हुंकार, समर्थकों से बोलीं

## मैं बांग्लादेश वापस आ रही हूं, अल्लाह ने मुझे किसी वजह से जिंदा रखा है

**नई दिल्ली,8 अप्रैल।** 5 अगस्त 2024 को तख्तापलट के बाद से भारत में शरण लिए बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने एक बार फिर से हुंकार भरी है। शेख हसीना ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद युनुस पर निशाना साधते हुए अपने समर्थकों से कहा कि मैं जल्द ही बांग्लादेश वापस आ रही हूं। अल्लाह ने मुझे किसी वजह से जिंदा रखा है। भारत की धरती से हसीना की हुंकार ने मुहम्मद यूनुस के माथे पर पसीना ला दिया है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, ÷अल्लाह ने मुझे किसी वजह से जिंदा रखा है और एक दिन आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा। अवामी लीग की अध्यक्ष ने यह बात उस समय कही जब वो सोशल मीडिया पर



अपनी पार्टी के नेताओं के परिवार के सदस्यों से बात कर रही थीं। उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद युनुस पर सीधा हमला बोला और कहा कि वो ऐसा इंसान है जिसने कभी आम लोगों से सच्चा प्यार नहीं किया। शेख हसीना ने कहा, ÷उसने ऊंचे ब्याज पर गरीबों को छोटी-छोटी रकम उधार दी और उस पैसे से खुद विदेश में ऐशो-आराम की जिंदगी जी। उस वक्त हम उसकी असलियत नहीं समझ पाए और उसकी बहुत मदद भी की, लेकिन लोगों को उसका कोई फायदा नहीं हुआ। उसने सिर्फ अपने लिए अच्छा किया। अब उसकी सत्ता की भूख बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा, 'विकास के मॉडल के रूप में देखा जाने वाला बांग्लादेश अब एक आतंकवादी देश बन गया है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा, हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरह मारा जा रहा है, उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। अवामी लीग के लोग, पुलिस, वकील, पत्रकार और कलाकार सभी को निशाना बनाया जा रहा है। बातचीत के दौरान अवामी लीग नेताओं और कार्यकर्ताओं के परिवारों ने बताया कि कैसे उनके अपनों को मारा गया और उन पर जुल्म हुए।




## एक नजर

### यातायात अधिकारी अजयकांत तिवारी ने जिले के लोगों से हेलमेट पहनने की अपील की



**कवर्धा, 8 अप्रैल।** कबीरधाम जिले के यातायात अधिकारी अजयकांत तिवारी ने जिले वासियों से हेलमेट पहनने की विनम्र अपील करते हुए कहा की दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना आपके लिए सुरक्षा कवच होता है । कबीरधाम जिले में गाड़ी धीमी गति से चला रहे है जिसकी तारीफ की जा सकती है । जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में यातायात सुरक्षा के प्रति यातायात पुलिस विभाग गंभीर है ।

### जिले में बच्चों और युवाओं में ज्यादा गुटखा खाने की आदत चिंताजनक

**कवर्धा, 8 अप्रैल।** कवर्धा शहर में सुबह से बच्चों और युवाओं का ज्यादा गुटखा खाने की आदत चिंताजनक स्थिति बन गई है । पान दुकानों में भी आसानी से बच्चों को बीडी सिगरेट गुटखा मिल जाती है । जिला प्रशासन को कवर्धा शहर में ऐसे दुकानों पर कारवाई करनी चाहिए । नशा मुक्त अभियान के छोटे छोटे पोस्टर कई कार्यालयों में दिखते है लेकिन प्रांगण में गुटखा के पाउच दिखते है जो की चिंतनीय विषय है । रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर अतुल जैन भी बता चुके है लेकिन गुटखा खाने से कैंसर होता है और सलाह भी देते है की मरीजों को गुटखा नहीं खाना चाहिए । भोजली तालाब और कवर्धा सिग्नल चौक में नशा मुक्त अभियान जैसे डिजिटल प्रचार प्रसार की आवश्यकता है । विभिन्न पान दुकानों में ऐसा बोर्ड लगाना चाहिए की बच्चों को गुटखा , बीडी , सिगरेट बेचने पर दुकानें बंद कर दी जाएगी । आखिर चिंतनीय विषय है की बच्चों को कैसे मिल जाती है गुटखा , बीडी , सिगरेट । भविष्य में ऐसे बच्चों को कैंसर जैसी खतरनाक ना बन जाए यदि ज्यादा गुटखा खानें पर । स्वच्छता अभियान की तरह नशा मुक्त अभियान पर सभी जनप्रतिनिधि , समाज के लोग , उद्योगपति नशा मुक्त अभियान का संदेश दे जिससे की बच्चों और युवा नशे से दूर हो ।

### अधजली लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई



**भिलाई,8 अप्रैल।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत रविवार की सुबह उमदा-पथर्रा मार्ग पर खेत में मिली अधजली लाश की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है मृतक की हत्या उसके दामाद ने की थी हत्या के बाद शव को ठिकने लगाने के मकसद से सास और पत्नी ने गाड़ी में भरकर पथर्रा मार्ग पर खेत में जला दिया इस मामले में पुलिस ने आरोपी दामाद, बेटी और मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि मृतक के बांह में टैटू बना हुआ था जिसके आधार पर टीम ने अज्ञात मृतक की पहचान का प्रयास किया मृतक की पहचान रॉकी लांजेवार निवासी पावर हाउस के रूप में हुई मृतक के शव से कुछ दूरी पर किसी बडे वाहन का निशान देखा गया था ऐसे में संदेही वाहन की पतासाजी के लिए टीम ने त्रिनयन एप्प की मदद लेते हुए घटना स्थल आने-जाने वाले मार्ग के सभी सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया इस दौरान सीसीटीवी फुटेज अवलोकन पर एक संदेही वाहन चिन्हांकित किया गया इस दौरान टीम संदेही वाहन के संबंध पता-तलाशी करने जा रहा थी, तभी मुखबीर से सूचना मिली कि मृतक के दामाद दुल्यांश गजभिये को घटना की रात संदेही वाहन को चलाते देखा गया सूचना के आधार पर संदेही दुल्यांश गजभिये को पकड़ कर पूछताछ करने पर बताया कि मृतक रॉकी लांजेवार उसका ससुर था नशे में ससुर अक्सर विवाद करता रहता था हमेशा उसे और पत्नी सृष्टि गजभिये को पुराने केस में समझौता करने के लिए धमकाता रहता था घटना के दिन भी मृतक रॉकी लांजेवार नशे की हालत में गाली-गलौच कर धमकाने लगा इससे आक्रोशित होकर दुल्यांश ने लोहे के रॉड से अपने ससुर के सिर में 3-4 वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई इसके बाद दुल्यांश ने गाड़ी से केम्प-1 जलेबी चौक जाकर अपनी सास मोहनी लांजेवार को घटना की जानकारी दी।

### जिला भाजपा अध्यक्ष के बेटे ने की मारपीट



**भिलाई,8 अप्रैल।** भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के बेटे ने साइड देने के नाम पर एक युवक से जमकर मारपीट कर दी, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने भाजपा नेता के बेटे के खिलाफ 296, 351, 115 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है जामुल पुलिस ने बताया कि सुपेला निवासी वैभव देवांगन और सेक्टर-5 निवासी कृष कुमार दोनों रुंगटा कॉलेज के छात्र हैं कृष अपनी गाड़ी से कॉलेज से बाहर निकल रहा था। इस दौरान वैभव देवांगन से साइड देने की बात को लेकर उसका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि वैभव देवांगन ने कृष के साथ जमकर मारपीट कर दी इससे कृष की गाड़ी भी थोड़ी क्षतिग्रस्त हो गई ।

### दफई शिविर का लाभ 98 लोगों ने उठाया



**भिलाई, 8 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर के अंतर्गत कुटेश्वर लाइमस्टोन माइन्स के समीपस्थ ग्राम दफई में 07 अप्रैल को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में कुल 98 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया। आयोजन में डॉ मोहम्मद जहूर, फार्मासिस्ट मोसेस तिग्गा सहित कुटेश्वर माइंस की डिस्पेंसरी टीम ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# संस्कार, संस्कृति और समर्पण की मिसाल बनी बटुक शिक्षा शोभायात्रा

## उपनयन संस्कार में दिखी गौरवशाली परंपरा की भव्यता




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 मार्च।** धर्म, संस्कृति और समाज की जड़ों से जुड़े एक अद्भुत आयोजन ने सोमवार को कवर्धा को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। विप्र समाज द्वारा आयोजित व्रतबंध संस्कार और वार्षिक सम्मेलन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का भी माध्यम बन गया।6 अप्रैल को चैत्र शुक्ल नवमी से प्रारंभ हुए इस दो दिवसीय आयोजन में विप्र समाज के लोगों ने पूरी निष्ठा और परंपरा के साथ भाग लिया। नव निर्मित विप्र भवन में मंडप आच्छादन, वास्तु पूजन, हरिद्रालेपन, शिक्षा दीक्षा और मातृका पूजन जैसे मंगल कार्य विधिपूर्वक संपन्न हुए। इस आध्यात्मिक वातावरण में नन्हे बाल ब्राह्मणों की आंखों में तेज और भावी आचार्य बनने का उत्साह साफ झलक रहा था।

**उपनयन संस्कार में बंधे 14 बटुक, गुरुजनों ने दी वेदपाठ की दीक्षा**

7 अप्रैल सोमवार को चैत्र शुक्ल दशमी की सुबह विधिपूर्वक व्रतबंध (जनेऊ) संस्कार संपन्न हुआ। इस आयोजन की विशेष गरिमा तब और बढ़ गई जब दंडी स्वामी मज्ज्योतिरानंद सरस्वती का सान्निध्य मिला। उन्होंने बाल ब्राह्मणों को धर्म, वेद, तप और अनुशासन की शिक्षा दी। आयोजन की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडेय ने की। वहीं, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, रश्मि विजय शर्मा और रेखा संतोष पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं।संस्कारों का संचालन पं. हरिप्रसाद शुक्ल, पं. ओंकार प्रसाद दुबे और पं. रामप्रसाद दुबे ने पूर्ण वैदिक विधि-विधान से किया। इस अवसर पर 14 बाल ब्राह्मणों ने उपनयन संस्कार धारण कर वैदिक अध्ययन की ओर पहला पग रखा। इनमें विश्वनाथ तिवारी, साकेत शुक्ल, तुषार तिवारी, हर्ष दुबे, नामिस पांडेय, नैतिक पांडेय, विजय दुबे (कवर्धा), विजय दुबे (चारभाठा), सानिध्य तिवारी, मानस दुबे, प्रिंस मिश्रा, अनमोल उपाध्याय, विवान मिश्रा और राहुल तिवारी शामिल हैं।

**भव्य शोभायात्रा में बटुकों के साथ गूंजे वैदिक मंत्र, पूरे शहर ने किया स्वागत**

सांझ 4 बजे मां महामाया मंदिर परिसर से शुरू हुई बटुक शिक्षा शोभायात्रा ने पूरे शहर को धर्ममय कर दिया। नवदीक्षित बटुक अपने परिजनों, समाजजनों और बैंड-बाजों के साथ जब शोभायात्रा में निकले तो मानो शहर की गलियां भी संस्कारों के गीत गा उठीं। शोभायात्रा में वैदिक मंत्रोच्चार, जयघोष, संस्कृत श्लोकों की गूंज और पारंपरिक वेशभूषा में सजे बटुकों की मौजूदगी ने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**सम्मेलन में हुए जनप्रतिनिधियों का सम्मान**

इस आयोजन के माध्यम से समाज ने पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में निर्वाचित अपने प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया। समाज के उन चेहरों को मंच पर आमंत्रित कर उनका अभिनंदन किया गया जिन्होंने विप्र समाज और स्थानीय प्रशासन के बीच सेतु की भूमिका निभाई। इनमें गणेश तिवारी, रोशन दुबे, पल्लवी तिवारी, गरिमा मिश्रा, सुषमा सोनू उपाध्याय, राजू पांडेय, दुर्गेश अवस्थी, बिन्नू तिवारी और ममता शुक्ला जैसे नाम शामिल रहे।

**कार्यक्रम सफल हुआ समाज के समर्पण से**

इस गरिमामय आयोजन को सफल बनाने में विप्र समाज के सैकड़ों सदस्यों ने अपना योगदान दिया। वरिष्ठ सदस्य टी. आर. तिवारी के मार्गदर्शन और अध्यक्ष बंटी मनीष तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का समन्वय किया गया। सचिव सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष वेद नारायण तिवारी व उमंग पांडेय, कोषाध्यक्ष सिद्धु तिवारी, आयोजन समिति अध्यक्ष विनोद तिवारी और युवा अध्यक्ष डॉ. आनंद मिश्रा की भूमिका प्रमुख रही।वहीं प्रमोद शुक्ला, अश्विनी पांडेय, राजेश पांडेय, चंद्रशेखर शर्मा, संजय मिश्रा, कीर्ति दत्त तिवारी, निर्मल द्विवेदी, नंद कुमार शर्मा, मधु तिवारी, विजय शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, हरिप्रसाद शुक्ला, बिसाहू प्रसाद पांडेय, श्रीकांत उपाध्याय, अशोक शर्मा, दिलीप तिवारी, बसंत शर्मा, टी. पी. दूबे, कीर्तन शुक्ला, संतोष चौबे, बिन्नू तिवारी, पं. विष्णु शर्मा, रविन्द्र शुक्ला, संतोष शुक्ला, कमलेश द्विवेदी, उमेश पाठक, विपिन शर्मा और भावेश मिश्रा ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

**संस्कारों की लौ को जला गया आयोजन**


यह आयोजन न केवल एक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि यह समाज के उस स्वरूप को प्रस्तुत करता है जिसमें ज्ञान, अनुशासन, संस्कार और सामाजिक समरसता का गहरा भाव छुपा होता है। बटुकों की दीक्षा केवल व्यक्तिगत बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का विस्तार है।कवर्धा की धरती पर जब संस्कारों की यह दीपशिखा प्रज्वलित हुई, तो पूरा शहर उसकी रोशनी में नहाया नजर आया। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गया, जहां परंपरा आधुनिकता से टकराती नहीं, बल्कि उसे दिशा देती है संस्कारों की इस धारा ने साबित कर दिया कि जब समाज एकजुट होता है, तो वह इतिहास रचता है। कवर्धा में यह इतिहास बन चुका है।



## नगर पंचायत इंदौरी में मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस

**कवर्धा,8 अप्रैल।** नगर पंचायत इन्दौरी में विश्व के सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्सोल्लास के साथ मनाया गया ,इस कार्यक्रम के तहत अपने अपने घरों व बूथों में झंडा लगाया गया ,कार्यकर्ता बन्दुओं को मिठाई वितरण किया गया इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सीताराम साहू ,मण्डल अध्यक्ष खेलेश्वर साहू ,मिंत्रीन मंहगीलाल अध्यक्ष न पं इन्दौरी ,उपाध्यक्ष जसवंत साहू ,पार्षदगण नारद ,प्रकाश ,दुर्गा संजू,सुखमनी विद्या,दाऊलाल,हिमचंद,मिल्पी गंगासागर,उमेंद,ज्ञानेश,कमेलेश ,तनुजा नंद ,कौशल तिवारी ,रामसुख ,कन्हैया ,रोहित अनिल,बीरबल,मनोहर, रामफल,बल्लू ,मुकेश, इंदल,लाला, भरत,पूना, परषोत्तम कार्यकर्तागण उपस्थित हुए ।

## फिल्टर प्लांट के वेस्ट वाटर एवं अतिरिक्त पानी से होगी पौधों की सिंचाई




**भिलाई, 8 अप्रैल।** नगर निगम भिलाई के 77 एवं 66 एमएलडी से वेस्ट वाटर अतिरिक्त अनुपयोगी पानी लगभग 5 एमएलडी तक निकलता है। जिसको फिल्टर करके छोड़ जाता है। वह पीने के योग्य नहीं होता परंतु अन्य कार्य किया जा सकता है। नेहरू नगर गुरु नानक सरोवर को भरते हुए हुए निकल जाता है। अभी गर्मी को देखते हुए नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू को निर्देश दिए हैं, कि पीने के पानी को उद्यानों में एवं पेड़ पौधों में मत डाला जाए। हमारे निगम का अतिरिक्त पानी निकलता है उसको ही फिल्टर प्लांट से भरकर के सभी रोड के किनारे, सड़क के मध्य में लगे हुए पेड़, पौधों, फुलो की सिंचाई की जावे। इसके साथ ही जो धुलाई का कार्य है वह भी अतिरिक्त पानी से ही किया जाए। पानी कीमती है इसे बचाया जाए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी निकाली जाएगी 9 को



**भिलाई, 8 अप्रैल।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत शासन से स्वीकृत परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का लाटरी पद्धति से आबंटन 9 अप्रैल को नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय परिसर में आयोजित है। जो हितग्राही अपने मकान की लागत का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कर चुके हैं उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत लॉटरी सिस्टम में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह मकान अच्छे लोकेशन पर स्थित है, प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, माईल स्टोन के पीछे एवं अन्य परियोजना स्थलों में निर्मित मकानों का खुली लाटरी पद्धति से लाटरी निकाला जाएगा। लाटरी 150 हितग्राहियों के बीच में निकाला जाएगा।

# जामगांव आर में रामनवमी उत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 8 अप्रैल। जन कल्याण रामोत्सव समिति द्वारा जामगांव आर में आयोजित श्रीरामनवमी उत्सव नगर में धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया,कार्यक्रम की शुरुवात में गायत्री मंदिर आमालोरी से भव्य वाहन रैली निकाली गई,रास्ते में जगह जगह संतो एवं रामभक्तों का स्वागत हुआ ! बाजार चौक में आयोजित धर्मसभा की शुरुवात में समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने संतो का आत्मीय स्वागत किया,दुर्ग सांसद विजय बघेल,दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर,जिपं सभापति नीलम चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक,उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद वर्मा,जिला कार्यवाह दिलेश्वर उमरे,सरपंच रूपेंद्र शुक्ला,खण्ड सह संघचालक लीलाधर वर्मा भी संतो की अगुवानी करने जामगांव आर पहुंचे और शोभयात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक प्रणव शर्मा ने स्वागत उद्बोधन देते आयोजन के ध्येय से जनमानस को अवगत कराया ! मुख्य वक्ता छग योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि जब-जब भारत माता के आंचल में धर्म,सत्य और न्याय की पुकार उठती है,तब-तब श्रीराम का तेजस्वी स्वरूप हमारी चेतना में जागृत होता है छत्तीसगढ़ माता कौशिल्या की भूमि है हम राम को स्नेहवश भांचा मनाकर दुलारते है हमारी सुबह राम राम से होती है हर काम मे हम सब राम को शामिल करते है ! निरंजनी अखाड़ा के सन्त परमानन्द ने कहा रामोत्सव के इस दिव्य आयोजन ने क्षेत्र में न केवल धार्मिक भावना को प्रगाढ़ किया,बल्कि हिंदुत्व की अखंड धारा को भी और अधिक प्रखरता से प्रवाहित करेगा । धर्मसभा का संचालन मनीष चन्द्राकर ने किया तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष किशोर साहू,रवि सिन्हा एवं पुरणेंद्र सिन्हा ने सभी का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया ! इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक,राजेश चन्द्राकर,पूर्व मण्डल अध्यक्ष लालेश्वर साहू,मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू,कमलेश चन्द्राकर,मुकेश साहू,कन्हैयालाल साहू,जागेश्वर शुक्ला,आसकरण जैन,बाबा वर्मा,कामता साहू,ज्योतिप्रकाश साहू,नेतराम निषाद,नारद साहू,टोपेन्द्र वर्मा,योगेश्वर साहू,वासु वर्मा,रामकुमार चन्द्राकर,निर्मल जैन,धनराज साहू,भगवान सिंह चन्द्राकर,राजेश बंछोर,संजय चन्द्राकर,तेजेन्द्र पिपरिया,भास्कर वर्मा,रूप सिन्हा,बेनीराम आदि थे।

# उतई मंडल ने भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 8 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतला ठाकुर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यर्पण कर ध्वजारोहण किया।मंडल अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राषट्रवादी राजनीतिक दल हैं ।जो भारत को एक सुदृढ समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है। उतई नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती साहू ने कहा कि भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया ।जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी बाजपेयी निर्वाचित हुए आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है।तथा भारी बहुमत से भाजपा नीत राजग सरकार केंद्र में विद्यमान हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतला ठाकुर,महामंत्री सोनू राजपूत,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती साहू,नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख,पार्षद संगीता रजक,लता सोनवानी, भीमसेन सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू,सतीश चंद्राकर,विजय लक्ष्मी साहू,खूबी राम साहू,सुनीता चंद्राकर,निर्वतमान मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,प्रवीण कुमार यदु,करण सेन सरपंच,फलेंद सिंह राजपूत,शुभम वर्मा,घनश्याम चंद्राकर,नरेन्द्र साहू,विमला कामड़े,ममता चंद्राकर,एकता चंद्राकर,दनेश्वरी देशमुख,शीतल रात्रे,सुनीता वर्मा,राजेश साहू,आलोक साहू,रूपेश पारख,नीलम गढ़े,सहित अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# धर्म हम सबको प्रेम सिखाता है:सांसद विजय




**भिलाई, 8 अप्रैल।** श्री राम नवमी के अवसर पर भजन संध्या एवं महा भंडरा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद विशिष्ट अतिथि रिकेश सेन विधायक, चन्देश्वरी बांधे पार्षद अध्यक्ष सिया कल्याण समिति नेहरू नगर भिलाई भजन संध्या सुनील सिहौरे भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विजय सांसद विजय बघेल ने कहा कि मां के अद्भुत प्यार में मां है तो पूरा ब्रह्मांड है भजन संध्या में धर्म हम सबको प्रेम सिखाता है। आज ही के दिन प्रभु श्री राम जी का जन्म हुआ था, इसी सनातन धर्म से भारत विश्व गुरु बनेगा। चन्देश्वरी बाधे ने कहा कि मेरी ताकत आप से ही मिलती है। रामनवमी मनाने का भगवान श्री राम का जीवन मानवीय जीवन के लिए आदर्श स्वरूप है। उनका हर रुप विशेष रहा चाहे व पुत्र के रूप में हों या भाई के रूप में हों या पति के रूप में या राजा के रूप में उन्होंने सदैव तपस्या साधना त्याग का मार्ग चुना। अभ्यास को जीवन प्रत्येक प्रसंग ऐसा है जो मनुष्य जीवन के लिए आदर्श है अनुकरणीय है। मुझे मेरे परिवार में ख्याल आया परिवार कैसे बढ़ता है हम सभी को सिखाने मिलता है भाई भाई पिता माता कैसे रहते है आज बहुत ऐसे संस्कार अपने घर परिवार में बहुत कम देखने को मिलता है। ऐसी ही आस्था रहे और बड़े छोटे का सम्मान बना रहे। सांसद विजय बघेल के हाथों सम्मान किया गया। इस अवसर पर डी पार्वती, विजय जायसवाल, वीणा चन्द्राकर पार्षद सहित सैकड़ों भक्त गण उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार को लेकर प्रभारी आयुक्त सुनील दुबे ने ली अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक



**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के 40 वार्डों में सुशासन तिहार के लिए 4 समाधान पेटी लगाए जाऐंगे। जहां पर नागरिक अपनी शिकायतों के निराकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक समाधान पेटी के लिए अलग से अभियंता स्तर के अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। नगर पालिक निगम रिसाली के प्रभारी आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने बताया कि राज्य शासन के सुशासन तिहार में नागरिक अपने जटिल एवं सामान्य शिकायतों का निराकरण कराने आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों का निराकरण अधिकतम एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुरैना और डुण्डेरा के तीन-तीन वार्डों के लिए एक-एक समाधान पेटी और सुविधा डेस्क की स्थापना की जाएगी। वही शेष वार्डों में लिए आयुक्त कार्यालय के अलावा टंकी ऑफिस में समाधान पेटी रखने की व्यवस्था की गई है। प्रिंट फार्म के अलावा सादे कागज में फार्म लेने के लिए उन्होंने कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया। नागरिक इस समस्या पर कर सकते हैं आवेदन-राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, सफाई, अतिक्रमण, भवन अनुज्ञा, नल कनेक्शन, पेयजल समस्या, लाइट, साफ-सफाई, मरम्मत संधारण। प्रभारी आयुक्त दुबे ने बताया कि नागरिकों को आवेदन करते समय इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि जानकारी सही भरे। अपने वार्ड का नाम और मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज कराएं। आवेदन निर्धारित स्थान पर प्रिंट दिया जाएगा। जानकारी स्पष्ट शब्दों में भरे। इसके अलावा शिकायत स्पष्ट शब्दों में उल्लेख करें ताकि आवेदन का निराकरण जानकारी के अभाव में न रुके। प्रभारी आयुक्त सुनील दुबे ने अधिकारी-कर्मचारी की बैठक ली। उन्होंने आवेदन उपलब्ध कराने से लेकर आवेदन जमा कराने और नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने के बारे में विस्तार से बताया। समाधान डेस्क के ऊपर अभियंताओं की ड्यूटी लगाई गई है।

### राजयोग मेडिटेशन शिविर से स्वच्छ गोकुल गांव की परिकल्पना हो रही साकार



**भिलाई, 8 अप्रैल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा कुटेला भाटा एवं करंजा भिलाई गांव में विशेष राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी इंद्राणी दीदी और गायत्री उपस्थित रहीं। ब्रह्माकुमारी इंद्राणी दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि राजयोग ध्यान व्यक्ति को परम शक्ति परमात्मा से जोड़कर आत्मिक बल, मानसिक शांति और नैतिक मूल्यों से सम्पन्न बनता है। जब व्यक्ति स्वयं को सुधारता है, तो पूरा समाज स्वाभाविक रूप से बदलता है। ब्रह्मकुमारी गायत्री दीदी ने गोकुल गांव के बारे में बताते हुए कहा कि जहां बुराईयों, व्यसनों का अंश मात्र भी स्थान नहीं होगा, वो गोकुल गांव बनने के पथ पर हमारा पहला कदम होगा ,जिसे गायत्री दीदी ने राजयोग कमेंट्री के माध्यम से सभी को शांति और शक्ति की गहन अनुभूति कराई। इस आयोजन में विशेष रूप से सरपंच गनीया रावते, उप सरपंच शशांक साहू, जनपद रजनी साहू, बी के ढाल,तुलेश्वर, ब्रह्माकुमार संतोष उपस्थित रहे।



## सुशासन तिहार शिविर निगम भिलाई क्षेत्र के 10 स्थानों पर लगाए जाएंगे

**भिलाई, 8 अप्रैल।** नगर निगम भिलाई के 10 स्थानों पर सुशासन शिविर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक लगाए जाएंगे। मुख्य मुख्य कार्यालय सुपेला में हेल्प डेस्क के पास इसके साथ ही जोन-01 नेहरू नगर पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी, जोन-02 वैशालीनगर पानी टंकी एवं वार्ड क्र. 24 हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड तालाब के पास, जोन-03 मदर टेरेसा नगर पानी टंकी एवं वार्ड क्र. 33 संतोषी पारा बैकुण्ठधाम एस.एल.आर.एम. सेंटर के पास, जोन-04 शिवाजी नगर खुर्सीपार पानी टंकी एवं वार्ड क्रं. 40 सामुदायिक भवन, जोन-05 सेक्टर 06 । आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि सुशासन तिहार पर सभी जोन कार्यालय में नागरिकों से आवेदन लिया जाना है। नागरिक अपना आवेदन कार्यालयीन दिवस पर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन भी कर सकते हैं। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने नागरिकों से अपील की है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य है शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना। इसके अंतर्गत जो भी सुझाव या शिकायतें होगी,

## एक नजर

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए होगी प्राक्रयन परीक्षा

**धमतरी 08 अप्रैल।** प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्रयन परीक्षा होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षार्थी 20 अप्रैल तक विभागीय वेबसाईट पर क्लिक कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र पूरी तरह से डाउनलोड करना होगा और उसमें पासपोर्ट साईज के रंगीन नये फोटोग्राफ्स चिपका कर प्रिंट आउट परीक्षा केन्द्र में ले जाना होगा। सहायक आयुक्त ने यह भी बताया कि परीक्षार्थियों को अपना मुल आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, स्कूल का फोटो लगा हुआ परिचय पत्र आदि भी परीक्षा केन्द्र में लाना जरूरी होगा। इसके साथ ही परीक्षार्थी नीले, काले बॉलपाईंट पेन का उपयोग कर सकेंगे। परीक्षा हॉल में कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पर्स, स्कार्फ अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स सामान ले जाने की पूरी तरह से मनाही होगी। प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में यदि परीक्षार्थी को दिक्कत हो, तो वह कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में सुबह 10 से शाम साढ़े पांच बजे तक सम्पर्क कर सकता है।

### शिक्षकों की बैठक 12 अप्रैल को आंबेडकर भवन छूरिया में

**छूरिया, 08 अप्रैल।** ब्लॉक मुख्यालय में जनपद पंचायत परिसर के सामने स्थित बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर भवन में आगामी 12 अप्रैल शनिवार को सुबह 11-00 बजे से शिक्षकों की प्रदेश स्तरीय बैठक रखी गई है। उक्त बैठक का आयोजन शिक्षक एलबी संवर्ग छत्तीसगढ़ एवं प्रधान पाठक मंच के ब्लॉक, जिला एवं प्रदेश बॉडी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई है। बैठक में कोर्ट के आदेश पर क्रमोन्नति वेतनमान दिए जाने, शिक्षकों के ट्रांसफर नीति खोलने, युक्ति युक्तिकरण, पदोन्नति प्रक्रिया सहित राज्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर आगामी राजनीति पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, पदाधिकारी गण राजीव टेमरे, प्रमोद कुंभकार, कन्हैया टेमरे, राजेंद्र लाडेकर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। राजेंद्र लाडेकर एवं नरेंद्र तिवारी सहित पदाधिकारी ने प्रदेश जिला एवं ब्लाक के समस्त पदाधिकारीयो सहित छुरिया विकासखंड के सभी शिक्षक साथियों से की उपस्थिति की अपील की है।

### एसएआईटीसी ने किया फिट इंडिया संडे साइकिल रैली का आयोजन



**राजनांदगांव, 08 अप्रैल।** स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव और राजनंदगांव पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में स्क्रमोहित गर्ग के निर्देशन में ASP राहुल देव शर्मा , ASP मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन से नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक , रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर और पुलिस विभाग के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे। फिट इंडिया संडे सायकल रैली कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से ऑडिटोरियम चौक, गौरव पथ, ध्यानचंद चौक होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर समाप्त की गई जिसमें 150 सायकल के साथ पुलिस विभाग के आरक्षक, खिलाड़ी, कोच ,स्टॉफ के साथ परंपरा शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान परंपरा ग्रुप के सदस्यों ने भाग लिया।

### रोजगार दिवस के आयोजन में श्रमिकों को दी गई बढ़ी हुई मजदूरी दर एवं सुशासन तिहार की जानकारी



**धमतरी, 08 अप्रैल।** जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह के 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जाना है। ग्राम पंचायत में रोजगार दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत विभिन्न मुद्दों का ग्रामीणों में व्यापक प्रचार प्रसार एवं उनके प्रति समझ विकसित किए जाने के लिए रोजगार दिवस को एक मुख्य मंच के रूप में उपयोग किया जा रहा है। जनपद पंचायत धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी में योजनांतर्गत नियोजित श्रमिकों को 01 अप्रैल 2025 से बढ़े हुए मजदूरी दर 261 रुपए प्रति दिवस मिलने की जानकारी दी गई। वहीं सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में किये जाने की विस्तृत जानकारी भी श्रमिकों को दी गई। इस संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव में बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासन-प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय काम काज में पारदर्शिता आये, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वित सुनिश्चित हो, इसका लाभ समाज के उन वर्गों को तत्परता से मिले, जिनके लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं इसको लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर प्रभावी पहल की जा रही है। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य है आम जनता की

# सीएम साय ने सिकलसेल और थैलेसीमिया जागरूकता एवं एचएलए मैचिंग शिविर का किया शुभारंभ

- सिकलसेल और थैलेसीमिया जागरूकता एवं एचएलए मैचिंग शिविर का किया शुभारंभ
- पीड़ित बच्चों की हुई निःशुल्क जांच, उपचार भी रहेगा पूर्णतः निःशुल्क




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 8 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जिला अस्पताल, जशपुर में सिकलसेल, थैलेसीमिया परामर्श जागरूकता एवं एचएलए मैचिंग शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सिकलसेल और थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस विशेष शिविर में न केवल जशपुर जिले, बल्कि पड़ोसी जिले बलरामपुर, सरगुजा, सूरजपुर एवं झारखंड के गुमला जिले से भी सिकलसेल और थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे एवं उनके परिजन शामिल हुए। शिविर में बेंगलुरु के नारायणा हॉस्पिटल से आए बोन मैरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. सुनील भट्ट द्वारा 12 वर्ष तक के बच्चों का एचएलए डीएनए टेस्ट और परामर्श निःशुल्क किया गया। यह परीक्षण बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए उपयुक्त डोनर की पहचान हेतु आवश्यक होता है।

शिविर में कास फाउंडेशन की श्रीमती काजल सुरेश सचदेव ने बच्चों एवं परिजनों को सिकलसेल और थैलेसीमिया के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इन बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए न केवल आवश्यक दवाइयों एवं जांच की सुविधाएं निःशुल्क दी जा रही हैं, बल्कि जर्मनी में होने वाला अत्यंत महंगा एचएलए डीएनए टेस्ट और देश के प्रमुख अस्पतालों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसी जटिल प्रक्रिया भी पूर्णतः निःशुल्क कराई जा रही है। राष्ट्रीय सिकलसेल एवं एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत जशपुर जिले में 0-15 आयु वर्ग के 209 सिकलसेल एवं थैलेसीमिया मरीजों की पहचान की गई है। इनमें से 110 बच्चों का एचएलए डीएनए टेस्ट कर ट्रांसप्लांट के लिए चयनित किया गया, जिनमें से अब तक 8 बच्चों का सफलतापूर्वक निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट हो चुका है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सिकलसेल एवं एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ, संगवारी संस्था एवं कास फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से जिले में सिकलसेल के उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है।

## रोहित उर्फ सोनू के फार्म हाउस में शराब डंप मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 08 अप्रैल।** थाना डोंगरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब 432 पेटी कीमती 27,32670/-रू को एवं घटना स्थल से खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामाग्री को जप्त करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली थी। उक्त मामला में पूर्व में फार्म हाउस मालिक सहित कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें से 09 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है एवं फार्म हाउस के मालिक रोहित नेताम उर्फ सोनू एवं नंदकिशोर उर्फ नीतु वर्मा उर्फ छोटा कट्टी को पुलिस रिमाण्ड में लेकर पुछताछ कर प्रकरण के अन्य आरोपियों का पता तलाश की जा रही है। प्रकरण में संलिप्त आरोपी कन्टेनर वाहन चालक टोनी पासवान पिता रामता पासवान उम्र- 26 साल निवासी ग्राम किरही वार्ड न0- 09, थाना काराकाट बोडारी जिला रोहतास (बिहार) को उसके घर से हिरासत में लेकर पुछताछ किया जो कन्टेनर में भरे शराब को 02 बार डोंगरगढ़ पंहूचाना बताये। वाहन स्वामी द्वारा प्रति ट्रीप के हिसाब से 3 हजार रूपये देता था बताये। इसी प्रकार मामला में होलोग्राम/स्टीकर/ढक्कन उपलब्ध कराने वाले आरोपी मनोज जसाराम तिड़के पिता जसाराम तिड़के उम्र- 42 साल निवासी न्यू0 लक्ष्मी नगर गोंदिया थाना राम नगर, जिला गोंदिया महा0 द्वारा आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम को कमीशन पर होलोग्राम/स्टीकर/ढक्कन उपलब्ध कराता था। दोनों आरोपी को आज दिनांक- 07.04.2025 को गिरफ्तार किया गया है। मामला में कन्टेनर मालिक व स्टीकर/ढक्कन के सोर्स के संबंध में बारिकी से जांच की जा रही है।

## खाद्य वितरण प्रणाली छूरिया का सेल्समैन राशनकार्ड धारकों पर भारी



- भौतिक सत्यापन अधिकारियों के द्वारा नहीं होना बताया जा रहा है कारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 08 अप्रैल।** नगरी निकाय व ग्राम पंचायतों मे महीने का राशन वितरण हो चुका है लेकिन छुरिया नगर पंचायत का सेल्समेन के अडदली रवैये के करण हर माह राशनकार्ड धारकों को चावल के वितरण के लिए हर माह तरसना पड़ता महीने का ऐसा कोई दिन नहीं है जो 15 से 20 तारीख के पहले वितरण चालू हुआ हो, हमेशा सेल्समैन 15 से 20 तारीख़ बाद ही राशन का वितरण शुरु करता है, जिससे भीड़ बड़ जाता हैं, कड़ी धूप में भरी दोपहरी में लोगों को लाइन में लगवा कर मशीन खराब हो गया है । बहाना बताकर राशन वितरण नहीं किया जाता हैं शासन के मंसा को ठेस पहुंचा कर अपने मनमर्जी हिसाब से खाद्यान्न का वितरण करता है । सेल्समैन के कारण कार्डधारियों में आए दिन तू तू मै मय होता हैं , कई बार राशन के कारण तना तनी व मारपीट की स्थिति बन जाता हैं। छुरिया में लगभग 1200 से 1300 कार्ड धारी है और बताया जाता है सेल्समेन लाममेटा व छुरिया दो जगह का वितरण प्रणाली का दुकान संभलता है। जिसके कारण भी आज यह सब स्थिति निर्मित होती है छुरिया नगर पंचायत को चाहिए कि यहां दो दुकान खाद वितरण का करना चाहिए।

# नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता पुडुचेरी में 9 से 16 अप्रैल तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 08 अप्रैल।** 40 वीं यूथ नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता जो पुडुचेरी में 9 अप्रेल से 16 अप्रेल तक आयोजित होनी है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु संभावित 16 बालकों का प्रशिक्षण शिवर राजनांदगांव में राजनांदगांव जिला बास्केटबॉल संघ के द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में लगाया गया था। आज छत्तीसगढ़ बालकों की 12 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कलेक्टर संजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ चीफ सिलेक्टर क्र स गौर ,सिलेक्टर मिथलेश सिंह ठाकुर और हेड कोच पंकज पांडे अथवा दिग्विजय स्टेडियम समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया, साथ ही बच्चों को जीत के आने के लिए अग्रिम बधाई भी दी । इस उपलक्ष्य में राजनांदगांव जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष नरेश डाकलिया,सचिव श्री विजेश श्यामकर जी ने भी बच्चों को अपना आश्रीवाद दिया । कलेक्टर संजय अग्रवाल जी ने टीम को विजेता होकर आने के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया साथ ही छत्तीसगढ़ टीम को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

इस उपलक्ष्य में राजनांदगांव जिला बास्केटबॉल के सीनियर खिलाड़ी श्री राजबीर सिंह, पिंटू जोशी,गौरव ठक्कर , लोमेश जायसवाल,संजीत बग्गा , अरविंद रजक , रूप, करण ओझा ताहिर चिंटू एवं मितेंद्र दीपक, प्रदीप शर्मा, सुकदेव राउत भी उपस्थित रहे।

## भाजपा ग्रामीण मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 08 अप्रैल।** भारत को समर्थ और शसक्त राष्ट बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी का गठन किया गया था, भारतीय जनता पार्टी का आज 46 वां स्थापना दिवस के अवसर पर डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने भाजपा के इतिहास के बारे में विस्तृत रूप से बताया, उन्होंने देश की आजादी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा सन् 1951 में जनसंघ की स्थापना और कश्मीर के विषय में डॉ. मुखर्जी का बलिदान हुए। सन् 1977 तक जनसंघ की यात्रा और उसके बाद 6 अप्रैल 1980 को मुंबई में भाजपा का महा अधिवेशन हुआ और 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन



हुआ उसके बाद कमल छाप चुनाव चिन्ह मिला।। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति किरण साहू ने क्षेत्र के विकासकार्यों के बारे में चर्चा किया, मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने संगठन के विषय के बारे में बताया। तेजलाल वर्मा ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री कचरु राम हिरवानी ने किया। कार्यक्रम में डोगरगढ़ ग्रामीण मंडल के जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष तेजलाल वर्मा जी, लखन जंघेल जी, डोगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष जीवन वर्मा, छबील साहू, दिनेश वर्मा, प्रेमलाल वर्मा जी, दुर्गा प्रसाद नायडू, कन्हैया वर्मा जी, संपत सेन एवं सम्मानित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### समर कैम्प बच्चों की प्रतिभा को पहचानने का अच्छा अवसर: कलेक्टर

**राजनांदगांव 08 अप्रैल।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने स्कूलों में समर कैम्प आयोजन और संपर्क डिवाईस संचालन के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जनसहयोग से प्राप्त 346 संपर्क टीवी डिवाईस का वितरण भी किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि पिछले वर्ष बहुत अच्छा समर कैम्प का आयोजन किया गया था।

**सुशासन तिहारअभियान -2025 8 अप्रैल से तीन चरण में शुरू होगा**

# कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान की सफलता के लिए दिए निर्देश

- ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों सहित सभी कार्यालयों में लगेंगी समाधान पेटियां
- समस्याओं-मांगों से जुड़े आवेदन लिए जाएंगे, समाधान कर जानकारी भी दी जाएगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी 08 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य सहित धमतरी जिले में भी 8 अप्रैल से सुशासन तिहार शुरू हो रहा है। तीन चरण में आयोजित होने वाले इस अभियान में राज्य शासन-प्रशासन लोगों की समस्याओं को जानेंगे। उनसे आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद इन समस्याओं का निराकरण किया जाएगा और अंत में समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों को निराकरण की जानकारी भी दी जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में लोगों से आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनपढ़ लोगों के आवेदन लेने के लिए कार्यालय में आवेदन लिखने वाले कर्मचारी की भी व्यवस्था करने को कहा।

कलेक्टर ने इस पूरे अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस पूरे अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेने के निर्देश दिए। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए एक ऑनलाईन पोर्टल बनाया जा रहा है।आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों सहित सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन जगहों पर समाधान पेटी रखी जाएगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें।

## समाचार संक्षेप

### मुख्य सचिव ने सुशासन तिहार आयोजन के लिए तैयारी शुरू करने दिए निर्देश




- जनसामान्य से कल 8 से 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 08 अप्रैल।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सुशासन तिहार 2025 के आयोजन की तैयारी के संबंध में जिला कलेक्टरों की बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से एनआईसी कक्ष राजनांदगांव से जुड़े रहे। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा कि सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जनसामान्य की समस्याओं के संबंध में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए सभी को आवश्यक तैयारी करने कहा। उन्होंने 8 अप्रैल से आवेदन प्राप्त करने के लिए मुनादी कराने तथा प्रचार-प्रसार करने कहा। उन्होंने इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए माइक्रो प्लानिंग कर जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु गम्भीरता के साथ पहल किए जाने कहा।

### ग्राम कोलिहापुरी (छी) में ग्रामीणों ने निकाली प्रेरणादायक जल यात्रा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 08 अप्रैल।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत कोलिहापुरी (छी) में जल संरक्षण की अलख जगाने के उद्देश्य से एक अद्भुत और भावुक क्षण सामने आया, जब गांव की नारी शक्ति ने मिलकर जल यात्रा निकाली। यह केवल एक यात्रा नहीं थी, बल्कि प्रकृति के प्रति आभार और आने वाली पीढ़ियों के लिए संकल्प का प्रतीक बन गई। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता फूलबासन बाई यादव और जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को एक नई ऊर्जा दी।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों को जल के रख-रखाव, संरक्षण एवं समुचित उपयोग के लिए उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे महात्मा गांधी नरेगा और अन्य योजनाओं के माध्यम से वर्षा जल संचयन, परंपरागत जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और सामूहिक प्रयासों से जल संकट से निपटा जा सकता है। पद्मश्री फूलबासन यादव ने अपने जीवन के अनुभवों के आधार पर बताया कि कैसे छोटी-छोटी आदतें नल को समय पर बंद करना, बर्तन धोते समय जल का अपव्यय रोकना, वर्षा जल को संग्रहित करना जैसे आदते हमारे समाज को जल समृद्ध बना सकते हैं।

### लखपति दीदी योजना महिलाओं के हुनर को तराशने में हो रही कारगर साबित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 08 अप्रैल।** महिलाओं के हुनर एवं कारीगरी व बुनाई को तराशने के लिए जिले में लखपति दीदी योजना के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त करने की दिशा में यह प्रयास कारगर साबित हो रहे है। हाथों से बने सुंदर वस्त्रों की मार्केट में अच्छी डिमांड है, वहीं स्थानीय स्तर पर भी मांग है। हथकरघा बुनकर हमारे देश की बहुमूल्य धरोहर है। अच्छी बुनावट, मोहकता, रंग संयोजन, एवं अच्छी गुणवत्ता से हथकरघा में बुने वस्त्र जनमानस में लोकप्रिय है। इसके दृष्टिगत कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में डोंगरगढ़ विकासखण्ड के ग्राम सेंदरी एवं नारायणगढ़ की 20-20 महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के उद्देश्य से जिला खनिज संस्थान न्यास राजनांदगांव मद से ग्रामोद्योग हाथकरघा विभाग द्वारा हाथकरघा वस्त्र बुनाई प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### चोरहाबंजारी के आभार कार्यक्रम में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 08 अप्रैल।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ग्राम चोरहाबंजारी में आभार, भेट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुई।

इस अवसर ग्राम वासियों द्वारा नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव का फूल माला के साथ स्वागत किया। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्राम वासियों का सहृदय आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने मुझे जिला पंचायत सदस्य चुनाव में आशीर्वाद प्रदान किया है। जिसके लिए मैं आप सभी ग्राम वासियों का सहृदय आभार व धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि आज तक इस गांव में भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव नहीं जीता था। और आप सभी ने मुझ पर विश्वास कर भाजपा अधिकृत प्रत्याशी को जिला पंचायत चुनाव में आशीर्वाद प्रदान कर एकतरफा जनादेश प्रदान किया है। आज यहां भाजपा का खाता खुल गया है। निश्चित रूप से मोदी जी गारंटी व विष्णु देव साय का सुशासन छत्तीसगढ़ में है।हम सभी आपके साथ कंधे से कंधे मिला गांव व क्षेत्र का निश्चित रूप से विकास करेंगे.मै आप सभी के सुख दुःख में सदैव उपस्थित रहुंगी। व ग्राम के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगी।

## संपादकीय

# भाजपा ने देश की दशा-दिशा बदली

भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है।वह भारत को एक समृध्द,सुदृढ़ व शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल स्थापित करने के लिए संकल्पित है।भारत को समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को किया गया।इसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी चुने गए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतराष्ट्रीय,राष्ट्रीय व लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में मुखर रहते हुए सशक्त भागीदारी दर्ज और देश की दशा व दिशा बदलने के लिए प्रयास किए। भाजपा की पहली बडी सफलता यह रही कि उसने कांग्रेस की एकाधिकार वाली एकदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में जानी जाने वाली भारतीय राजनीति को दोध्रुवीय बनाकर गठबंधन के युग की सूत्रपात में अहम भूमिका निबाही। भाजपा का इतिहास जनसंघ से जुड़ा हुआ है। भाजपा से पहले जनसंघ आरएसएस का राजनीतिक संगठन था। जनसंघ के समय डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी,पं. दीनदयाल उपाध्याय ने देश में अधिनायकवादी प्रवृत्ति का विरोध किया। राष्ट्रीय सुरक्षा पर नेहरू की सुरक्षा नीतियों का विरोध किया। जनसंघ ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाए जाने को विरोध किया।देश के सभी बड़े नेता जेल में डाल दिए गए, आरएसएस सहित राष्ट्रवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। जनांदोलन से घबराकर इंदिरा गांधी ने 18 जनवरी 1977 को लोकसभा भंग कर दी। नया जनादेश प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की। चुनाव में इंदिरा गांधी को हराने के लिए जनता पार्टी बनाई गई। भारतीय जनसंघ का विलय इसमें कर भाजपा ने भारतीय राजनीति में अहम भूमिका निबाही। जनता पार्टी का प्रयोग ज्यादा दिन नहीं चला।जनसंघ से जपा में आए सदस्यों को अलग थलग करने के लिए दोहरी सदस्यता का मामला उठाया गया।6 अप्रैल 1980 को जनसंघ के सदस्यों ने नई राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी बनाई। भाजपा अपनी स्थापना से ही सुदृढ़,सशक्त,समृध्द,समर्थ व स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए सक्रिय है। भाजपा की कल्पना ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टि से युक्त,एक प्रगतिशील व प्रबुध्द समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता,संस्कृति उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए विश्व शक्ति, विश्व गुरु के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। भाजपा ने पांच प्रमुख सिध्दांतों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की है। ये पांच सिध्दांत है राष्ट्रवाद,राष्ट्रीय अखंडता,लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ निरपेक्षता, गांधीवादी समाजवाद, मूल्य आधारित राजनीति। भाजपा ने अटल बिहारी के नेतृत्व में कांग्रेस को हराने के लिए गठबंधन की राजनीति को मजबूत करने का किया।कांग्रेस की पराजय के बाद वीपी सिंह के नेतृत्व में गठित राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार को भाजपा ने बाहर से समर्थन किया और इसी के साथ ही भारतीय राजनीति में भाजपा का महत्व बढा। आडवाणी का रथयात्रा रोकने के कारण भाजपा ने वीपी सरकार से समर्थन वापस लिया और सरकार गिर गई। भाजपा की ताकत बढ़ने लगी।1984 के चुनाव में भाजपा को मात्र दो सीटें मिलीं थी। इसके बाद भाजपा की सीटें बढ़ती गई।1989 में 85,1991 में 120,1996 में 161 सीटें मिलीं। बाजपेयी के नेतृत्व में पहली बार भाजपा ने 1996 में शपथ ली। यह सरकार 13 दिन चली। 1999 में हुए चुनाव में भाजपा को 182 सीटें मिलीं,अटल के नेतृत्व में राजग की सरकार बनी। अटल सरकार ने अपने समय में पोखरण परमाणु विस्फोट,अग्नि मिसाइल का परीक्षण, कारगिल विजय प्राप्त की। इस दौर में भाजपा ने विकास राजनीतिक का नया अध्याय लिखा।2004 से 2014 देश में कांग्रेस की साझा सरकार रही। इस दौरान भाजपा ने मजबूत विपक्ष की भूमिका बखूबी निबाही। 2014 में देश में भाजपा की सरकार बनी। पीएम मोदी पीएम बने और एक नए युग की शुरुआत हुई। देश में आखिरी बार कांग्रेस को 1984 में बहुमत मिला उसके बाद से 14 तक देश में किसी दल को बहुमत नहीं मिला था और यह दौर गठबंधन की सरकारों का दौर रहा। अडल व आडवाणी की जोड़ी ने भाजपा की बहुमत वाली सरकार नहीं बना सके।इसलिए वह बहुत सारे ऐसे काम नहीं कर सकेजो उनको करना था। भाजपा की पहली बहुमत वाली सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी। सब मानकर चल रहे थे कि यह सरकार यूं ही बन गई है.जनता कांग्रेस से नाराज थी इसलिए जनता ने कांग्रेस को हराया और भाजपा जीत गई। पीएम मोदी ने देश में नई राजनीति शुरू की। विकास का राजनीति, सबका साथ, सबका विकास का नारा लगाकर पहले पांच साल ऐसे काम किए कि जनता पहली बार लगा कि अब आई है काम करने वाली सरकार, सबके विकास के लिए काम करने वाली सरकार, देश के विकास के लिए काम करने वाली सरकार। मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया,अमृत मिशन,दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, डिजिटल इंडिय जैसी योजनाओं से भारत को आधुनिक व सशक्त बनाने की दिशा में काम किया। जनधन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ,सुकन्या समृध्दि योजना से नई क्रांति की शुरुआत की। अपने काम के कारण भाजपा की मोदी सरकार को दूसरी बार फिर बहुमत मिला। इससे साबित हुआ कि पहली बार पीएम मोदी को मिला कोई तुक्का नहीं था,वह जनता का मोदी पर भरोसा था कि यह आदमी देश व जनता के लिए कुछ खास करेगा। पीएम मोदी ने देश की जनता को निराश नहीं किया यही वजह है कि तीसरी बार भी जनता के भरोसे के कारण मोदी की सरकार बनी है। मोदी देश के तीसरी बार पीएम बने है तो जनता के भरोसे के कारण। नरेंद्र मोदी भाजपा के ऐसे नेता हैं जिनका राजनीतिक कद तीन बार भाजपा की सरकार बनाने के कारण तथा देश व जनता के हित नए व बड़े काम करने के कारण सबसे ऊंचा हो गया है। पीएम मोदी के दस साल में भाजपा ने कई राज्यों में दूसरी बार तो कई राज्यों में तीसरी बार सरकार बनाने सफल रही है। आज जितने राज्यों में भाजपा की सरकार है, इससे पहले कभी नहीं रही। आज राजनीतिक रूप से देखा जाए तो भाजपा उस जगह पर है जहां कभी कांग्रेस हुआ करती थी। केंद्र में व ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकार होने से साफ है कि आज भाजपा जनता की नजर में सबसे भरोसे की पार्टी है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला, सीटें कम हो गई लेकिन एनडीए की सरकार बनी है तो यह भी जनता के भरोसे के कारण। लेकिन गलती कहां हुई इसका पता लगाकर भाजपा ने लोकसभा चुनाव के बाद तीन राज्यों हरियाणा, महाराष्ट्र व दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतकर फिर साबित किया है कि भाजपा से गलती होती है तो उस गलती को जल्दी सुधार सकती है। अपनी गलती से सबक लेती इसलिए वह फिर जीत के रास्ते पर लौट आती है। भाजपा की असली ताकत उसका संगठन, उसके नेता हैं जो सत्ता पाते मिलने पर जनता की सेवा को प्राथमिकता देते हैं और इसी वजह से भाजपा की सरकारे रिपीट भी होती हैं। केंद्र में भी और राज्यों में भी। शीर्ष नेतृत्व ईमानदार हो तो पार्टी को कितना फायदा होता है इसका प्रमाण नरेंद्र मोदी हैं।

यादें

# मैं ना भुलूंगा........ देश कभी नहीं भूलेगा मनोज कुमार को

**प्रशांत शर्मा**

आज सुबह -सुबह एक बड़ी मनहूस खबर मिली... दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार नहीं रहे। आज तडके उन्होंने मुंबइ के अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। पता नहीं क्यों कल रात से ही मैं उनकी फिल्म रोटी कपड़ा और मकान का गाना - मैं ना भूलूंगा ...गुनगुना रहा था....यह गाना मुझे काफी पसंद है। मुकेश और लता मंगेशकर की खूबसूरत आवाज से सजा यह गाना आज भी लोगों की जुबान पर है। आज पूरा देश अपने पसंदीदा नायक को श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहा है। उन्हीं के सम्मान में आज इस गाने के बारे में जिक्र कर रहा हूं। मनोज कुमार की फिल्म रोटी कपड़ा और मकान 1974 में रिलीज हुई थी। फिल्म में मनोज कुमार के साथ जीनत अमान और मौसमी चटर्जी नजर आई। वहीं शशि कपूर और अमिताभ बच्चन भी इस फिल्म का हिस्सा थे। फिल्म में यह भावुक गाना दो वर्जन में है- एक सामान्य और दूसरा सेड माहौल में रचा - बसा है। गाने को कंपोज किया था लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने और लिखा संतोष आनंद ने।

यह फिल्म सन 1974 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई, और इसे ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया। फिल्म को तीन फिल्मफेयर पुरस्कार मिले, साथ ही ग्यारह अन्य पुरस्कारों के लिए नामांकित भी किया गया। फिल्म में छह गाने थे और सभी 4 से 6 मिनट वाले थे। ‡मेहंगाई मार गईं‡ कव्वाली जो लता मंगेशकर, नरेंद्र चंचल , मुकेश, जानी बाबू कव्वाल की आवाज में थी 8 मिनट 51 सेकंड लंबी थी। सभी गानों की एक खास बात ये थी कि लंबे होने के बाद भी वे कभी बोझिल नहीं लगे। फिल्म को लिखा मनोज कुमार ने और निर्देशित भी किया । फिल्म के निमार्ता भी वहीं थे। फिल्म के लिए मनोज कुमार को सर्वेश्रेठ निर्देशक अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार मिला। वहीं गायक महेन्द्र कपूर ने -और नहीं बस और नहीं... गाने के लिए फिल्म फेयर पुरस्कार जीता। इसी तरह गीतकार संतोष आनंद को भी यह सम्मान मिला। फिल्म की झोली में एक और फिल्म फेयर अवार्ड गया जो सर्वश्रेष्ठ फिल्म का था।

अब इस गाने के बारे में .....

मैं ना भूलूंगा, मैं ना भूलूंगी....गीत मोहब्बत का एक



हसीं वादा प्रस्तुत करता है। यह गाना मुझे इसलिए भी पसंद है क्योंकि इससे निश्छल प्रेम-बंधन की भीनी-भीनी खूशबू महसूस होती है। इस पूरे गाने में प्रेमी और प्रेमिका अपने-अपने हिस्से के वादों में खोए हुए हैं। इसमें रस्मों और कसमों का बंधन दोनों को अपने मोहपाश में जैसे समेट लेता है।

जैसे कि- मैं ना भूलूँगा, मैं ना भूलूँगी  
इन रस्मों को इन कसमों को इन रिश्ते नातों को  
मैं ना भूलूँगा, मैं ना भूलूँगी  
चलो जग को भूलें, खयालों में झूलें  
बहारों में डोलें, सितारों को छूलें  
आ तेरी मैं माँग संवारूँ तू दुल्हन बन जाये  
माँग से जो दुल्हन का रिश्ता मैं ना भूलूँगी

गाने के फिल्मांकन में उस समय के कैमरे की उम्दां तकनीक की झलक देखने को मिलती है। ऐसी ही तकनीक मनोज कुमार ने फिल्म शोर के गाने - एक प्यार का नगमा है... में इस्तेमाल की थी। यह गाना भी कालजयी है।

मैं ना भुलूंगा.. गीत में एक पंक्ति आती है - 'इन रस्मों को, इन कसमों को'..तब कैमरा नायिका जीनत अमान की उंगली पर पहनी अंगूठी पर फोकस होता है जैसे नायिका कह रही हो- हां यही प्रेम- भाव है जो उसने पहन रखा है। गाने की अगली पंक्ति में जग को भूलने.... सितारों को छूने जैसी कल्पनाओं के बाद नायक का मांग भरने की बात कहना , उनके प्रेम को आजीवन निभाने का वादा है और नायिका कहती है कि मांग से दुल्हन का रिश्ता मैं ना भुलूंगी। इसी तरह से गीत की आगे की पंक्तियों में नायक- नायिका जीवन-सांसों के गठजोड़ के साथ कभी भी साथ न छोड ? का वादा करते हैं। वहीं मंदिर से पूजा तक के पवित्र रिश्ते की बात करते नजर आते हैं। किसी ने सही कहा है कि यदि प्रिय साथी हमसफर हो तो जमाने की क्या चिंता करना। जहां कहीं बस जाएंगे और दिन कट जाएंगे। मोहब्बत की शिद्धत ही कुछ ऐसे होती है। गीतकार संतोष आनंद ने सच में इस पूरे गाने में ऐसा अनोखा भाव. प्रेम रस, वादा पिरोया है, जिसे निमार्ता-निर्देशक , अभिनेता मनोज कुमार ने जीवंत किया है। ऐसे महान कलाकार को देश कभी नहीं भूलेगा।

महान कलाकार , निर्देशक मनोज कुमार को शत शत नमन।

व्यंग्य

# बाबूजी की बेमिसाल बायोग्राफी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**




गाँव के चौपाल पर बैठे बुजुर्गों की मंडली में आज एक नई हलचल थी। बाबूजी, जो हमेशा अपने अनुभवों का पिटारा खोलकर बैठते थे, आज कुछ खास उत्साहित दिख रहे थे। उनके हाथ में एक मोटी किताब थी, जिसका शीर्षक था, मेरी जीवन गाथाः बाबूजी की जुबानी। रामू काका ने चुटकी ली, अरे बाबूजी, ये क्या? अपनी ही बायोग्राफी लिख डाली? बाबूजी ने मुस्कुराते हुए कहा, हाँ भई, अब हमारे जीवन के किस्से भी तो जानना चाहिए नई पीढ़ी को। श्यामलाल ने हँसते हुए कहा, बाबूजी, कहीं इसमें वो किस्सा तो नहीं जब आप कुएँ में गिर गए थे? बाबूजी ने आँखें तरेरते हुए कहा, अरे, वो तो बचपन की बात थी। असली मजेदार किस्से तो बाद में आए। मंडली के सभी लोग हँस पड़े। बाबूजी ने किताब खोलकर पढ़ना शुरू किया, तो सुनो, जब मैं पहली बार शहर गया, तो सोचा कि बड़े लोगों की तरह सूट-बूट पहनूँ। लेकिन जैसे ही ट्रेन में चढ़ा, किसी ने कहा, 'भाईसाहब, आपका कोट उल्टा है।' मैंने झेंपते हुए कहा, 'अरे, स्टाइल है भाई, स्टाइल।' रामू काका ने ठहाका लगाते हुए कहा, बाबूजी, आपका स्टाइल तो निराला है! बाबूजी ने गर्व से कहा, और सुनो, एक बार मैंने सोचा कि अंग्रेजी सीख लूँ। टीचर ने पूछा, 'हाउ आर यू?' मैंने जवाब दिया, 'आई एम फाइन, थैंक यू।' फिर उसने कुछ और पूछा, तो मैंने वही जवाब दिया। आखिर में टीचर ने कहा, 'तुम्हें और कुछ नहीं आता?' मैंने कहा, 'आई एम फाइन, थैंक यू।'

श्यामलाल ने पेट पकड़कर हँसते हुए कहा, बाबूजी, आपकी अंग्रेजी तो गजब है! बाबूजी ने मुस्कुराते हुए कहा, अरे, वो तो पुरानी बातें हैं। अब तो मैं 'हैलो' और 'बाय-बाय' भी जानता हूँ। मंडली के सभी लोग हँसी से लोटपोट हो गए। बाबूजी ने फिर से किताब में झाँकते हुए कहा, और वो दिन याद है जब मैंने पहली बार सिनेमा देखा। हीरोइन ने हीरो से कहा, 'आई लव यू।' मैंने बगल वाले से पूछा, 'ये क्या कह रही है?' उसने कहा, 'प्यार का इजहार कर रही है।' मैंने सोचा, 'अरे, ये तो हमारे गाँव में सीधे शादी कर लेते हैं, यहाँ पहले इजहार करना पड़ता है।' रामू काका ने चुटकी ली, बाबूजी, आपने कभी इजहार किया था? बाबूजी ने शरमाते हुए कहा, अरे, हमारे जमाने में इजहार नहीं, सीधा ब्याह होता था। श्यामलाल ने मजाक में कहा, तो बाबूजी, आपकी बायोग्राफी में रोमांस का तड़का नहीं है? बाबूजी ने हँसते हुए कहा, अरे, हमारे जमाने का रोमांस चिट्ठियों में होता था, वो भी घरवालों से छुपाकर। मंडली के सभी लोग हँसते-हँसते लोटपोट हो गए। बाबूजी ने किताब बंद करते हुए कहा, तो भाइयों, ये थी मेरी जीवन गाथा। अब आप लोग भी अपनी-अपनी बायोग्राफी लिखो, ताकि आने वाली पीढ़ी हमारे किस्सों से सीख ले सके। रामू काका ने मुस्कुराते हुए कहा, बाबूजी, आपकी बायोग्राफी तो बेस्टसेलर होगी! बाबूजी ने गर्व से कहा, अरे, हमारी जिंदगी भी किसी फिल्म से कम नहीं। मंडली के सभी लोग हँसते हुए अपने-अपने घर की ओर चल पड़े, मन में बाबूजी की बेमिसाल बायोग्राफी की यादें संजोए हुए।

रायपुर के चिकित्सक डॉ. दिनेश मिश्र ने सुरंग में बिताया समय


# हिमाचल की बड़ोग सुरंग भुतहा नहीं



अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा हिमाचल प्रदेश की कालका शिमला रेल मार्ग के बड़ोग की (barog) सुरंग भुतहा नहीं है , भूत प्रेत जैसी मान्यताओं का कोई अस्तित्व नहीं होता. कर्नल बड़ोग के नाम पर बनी इस सुरंग (टनल) के भुतहा होने सम्बन्ध में कुछ स्थानीय लोगों व मीडिया के द्वारा फैलाई गई अफवाह तकहीन है.जबकि यह स्टेशन विश्व हेरिटेज यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट की लिस्ट में है फिर भी समय समय पर इसके सम्बन्ध में अन्धविश्वास, भ्रम फैलाया जाता रहा है.जबकि उन्होंने अपने दल के साथ बड़ोग जाकर सच्चाई जानी.

डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा जानकारी के अनुसार 20वीं सदी की शुरुआत में कालका शिमला रेलवे के निर्माण के दौरान सोलन के नजदीक बसाया गया एक छोटा सी बस्ती है। जिसका नाम एक इंजीनियर कर्नल बड़ोग के नाम पर रखा गया है, जिसने 1903 में उस क्षेत्र में रेलवे लाइन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कर्नल बड़ोग एक ब्रिटिश रेलवे इंजीनियर थे, जो पहाड़ों में रेलवे के लिए सुरंग बनाने का काम करते थे। बरोग से पहाड़ में सुरंग बनाने के नापजोख में कुछ त्रुटि हो गई जिससे वजह से दोनो तरफ से बनने वाली सुरंग कभी मिल ही नहीं पाई, जिस से तत्कालीन ब्रिटिश सरकार द्वारा उन पर कायर्वाही करते हुए एक रुपये का जुर्माना लगाया गया था। बड़ोग से यह अपमान सहन नहीं हुआ और उसी स्थान पर बड़ोग ने आत्महत्या कर ली। बाद में उन्हें एक अधूरी सुरंग के पास दफना दिया गया। इस स्थान को बाद में बड़ोग के नाम से जाना गया यह सुरंग मार्ग की सबसे लंबी सुरंग है।

डॉ दिनेश मिश्र ने कहा कभी-कभी सिर्फ रोमांचक स्टोरी बनाने के फेर में मीडिया भी अंधविश्वास फैलाने का एक माध्यम बन जाता है जब मैंने इस सुरंग के बारे में जानकारी प्राप्त की, तब मुझे देश के बड़े-बड़े समाचार पत्रों में इस सुरंग के बारे में सिर्फ एक तरफा स्टोरी ही सुनाई व दिखाई दी यहां तक नवभारत टाइम्स अमर उजाला प्रभात किरण भास्कर और कुछ चर्चित चर्चित टी वी चैनलों तथा कुछ वेबसाइट में सिर्फ एक तरफ तरफा खबरें ही दिखाई और सुनाई पड़ी, कि इस सुरंग में कर्नल बड़ोग का भूत रहता है, वहां लोग आने से डरते हैं ,शाम को कर्नल बड़ोग की चीखें सुनाई पड़ती है, रात में रहस्यमयी वातावरण हो जाता है आदि आदि.इस प्रकार की अफवाहें फैलती गईं, कि बड़ोग स्टेशन को भुतहा (हॉन्टेड) स्टेशन के नाम से दुष्प्रचारित कर दिया गया ,जबकि यह स्टेशन पहाड़ियों व जंगलों के बीच अपनी प्राकृतिक छटा के कारण यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल है डॉ दिनेश मिश्र ने कहा बड़ोग के संबंध में इस प्रकार की जानकारी होने के बाद हमने तय किया कि अपने साथियों के साथ वहां जा कर, परीक्षण कर कर्नल बड़ोग स्टेशन के संबंध में और इस स्टेशन के बारे में फैलाई जा रही अफवाहों के बारे में कुछ सही बातें और तार्किक की बातें लोगों को बताई जाए पिछले दिनों जब मेरा हिमाचल जाना हुआ ,तब दिल्ली से चंडीगढ़ होते हुए हम कसौली पहुंचे , और फिर वहां से दूसरे दिन सालोन नामक स्थान पर पहुंचे जिसके जुड़ा हुआ ही बड़ौद स्टेशन है ,स्टेशन से नीचे उतरने के लिए काफी कच्चा रास्ता है, काफी ढलान है ,सकरी पगडंडी है ,लेकिन आसपास के द्दश्य अत्यंत सुंदर और प्राकृतिक हैं , चीड़ और देवदार के पेड़ों से भरे इस क्षेत्र में मेरे साथ में डॉ. सुभाष अग्रवाल डॉ अतुल तिवारी डॉ. मोनिका अग्रवाल, शताक्षी तिवारी और सुजाता हम छह लोगों का दल इस मुहिम में शामिल हुआ. हम सावधानीपूर्वक धीरे धीरे नीचे उतरते चले गए , बड़ोग स्टेशन मुख्य सड़क से करीब डेढ़ किलोमीटर नीचे है, जहां से स्टेशन के प्लेटफार्म पर पहुंचे . सबेरे 11 बजे भी प्लेटफार्म पर न ही कोई यात्री था और न ही कोई कमर्चारी और न कोई वेंडर. जब कि जब भीँ स्टेशन के प्लेटफार्म पर जाते हैं, यात्रियों की चहल पहल देखते हैं , वेंडरों की आवाजें सुनते है, कमर्चारियों की आवाजाही देखते हैं. प्लेटफार्म नंबर 1 पर कुछ दूरी पर एक बच्ची खेल रही थी उसने पूछने पर अपना नाम दीपिका बताया.उससे ही पूछा हमने उसने हमें वहां की कैंटीन का रास्ता बताया और स्टेशन मास्टर के ऑफिस के दिखाया. लंबा साफ सुथरा सुंदर प्लेटफार्म है जहां यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज साइट का शिलालेख निर्मित है .जहां से चलते हुए हम लोग स्टेशन मास्टर के ऑफिस तक पहुंचे, उसके नजदीक सुरंग को भी देखा जो दूर से ही दिखाई दे रही थी ,वहां लिखा हुआ है 33 नंबर इसके बारे में मीडिया के काफी हिस्से ने रहस्यमई सुरंग ,भुतहा सुरंग कर्नल बड़ोग के भूत वाली सुरंग के नाम से प्रचारित किया है , सुरंग के द्वार पर ही बड़ोग सुरंग के सम्बन्ध में जानकारी अंकित है. यह पुरानी वास्तुकला से निर्मित है सुरंग ,जिसमें से पटरिया गुजराती दिखती है, अंदर लाइटें भी लगी हैं, इसे सबसे लंबी सुरंग माना जाता है उसका सिग्नल भी वहीं है सुरंग के मुहाने व सुरंग के अंदर भी दूरी तक जाकर के हमने देखा ,हमें कोई भी भय, डर की बात नहीं लगी . फिर बड़ोग के स्टेशन मास्टर कुलदीप भाया से मिले, जो पिछले 8 वर्षों से उसे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के रूप में कार्य कर रहे हैं ,उनसे बात की,उनसे चर्चा की ,उन्होंने अपने इतने लंबे कायर्काल के दौरान किसी भूत को , भुतहा चीख की आवाज नहीं सुनी ,उनसे काफी देर तक अनुभव सुने, उनके साथ फोटो भी खिंचवाई ,सुरंग में फोटो खींची, सुरंग के बाहर फोटो खींची , दीपिका जो बच्ची वहां प्लेटफार्म पर खेल रही थी, उस बच्ची के साथ हम प्लेटफार्म से कुछ ऊंचाई पर बने कैंटीन पर गए ,वहां मैनेजर, कमर्चारी से भी बातचीत हुई, जो नियमित रूप से वहां ड्यूटी करते हैं , कैंटीन में काम करने वाले कमर्चारी बड़ोग के समीप गांव से वहां पर काम करने आते हैं उन्होंने भी कोई चीचीख नहीं सुनी, उन्हें कभी नहीं लगा कोई वहां पर भूत, आत्मा रहती है .



हमने उसे कैंटीन में बने ताजा कटलेट कभी आनंद लिया और चाय भी पी. प्लेटफार्म के नजदीक वहीं एक और पुरानी सुरंग है जिसे बंद कर दिया गया वहां तक भी पहुंचे करनाल बड़ोग कथित कब्र भी देखी,. क्योंकि बड़ोग रेलवे स्टेशन था, कथित तौर पर भूतों का भी मामला था, डरने की भी कहानी भी चर्चा में थी ,इसलिए हमने वहां पर अपने साथियों के साथ प्रतीकात्मक इंसानी रेल भी चलाई.डॉ . मिश्र ने बताया स्टेशन मास्टर ने जानकारी दी,कि वहां पर शिमला जाने वाली ट्रेन जब आती है, तब कुछ लोग उतरते हैं क्योंकि वह शिमला जाती है वह पटरी कालका शिमला रूट है इसलिए स्टेशन पर उतरने वालों की संख्या बहुत ही कम होती है लेकिन उन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान कभी भी किसी भी भूत प्रेत असामान्य बातों के न दर्शन हुए उन्होंने कभी ऐसा महसूस हुआ . बड़ोग स्टेशन के पास ही गांव में बच्चों का स्कूल है ,जहां आसपास के गांव से बच्चे पढ़ने आते हैं ,वहां पर वैक्सीनेशन के लिए जाती हुई एक मितानिन से भी बातचीत हुई ,जो बच्चों के लिए वैक्सीन लेकर जा रही थी उससे भी चर्चा की उसने बताया नजदीक के गांव से आना जाना करती है लेकिन उसे भी कभी वहां पर कोई भूत प्रेत नहीं दिखे और न डर लगा.

डॉ . दिनेश मिश्र ने कहा ,भूत प्रेत जैसी मान्यताओं का कोई अस्तित्व नहीं है ,यह बात सही है कि उस सुरंग के निर्माण में कुछ चुके हुई होगी जिसके कारण इंजीनियर कर्नल बड़ोग को आत्महत्या करने पड़ी , और यह भी सही कि उनको वहां पर दफना दिया गया, उस स्टेशन का नाम भी बड़ोग के नाम पर रख दिया गया है, स्टेशन में उनके संबंध में जानकारी भी वहां लिखी हुई है ,

लेकिन इस बात में कोई सच्चाई नहीं है कि स्टेशन बड़ोग में उनका भूत है, जिसकी चीखने चिल्लाने की आवाज रात में आती है ,वह लोगों को तंग करता है ,लोगों को नहीं वहां जाना चाहिए इत्यादि इत्यादि.भूत वाली बात पूरी तरह से काल्पनिक, अफवाहें हैं . आम लोगों को ऐसे अंधविश्वासों पर भरोसा नहीं करना चाहिए साथ में मीडिया को भी इस प्रकार की स्टोरी जो सिर्फ लोगों में अफवाह और अंधविश्वास फैलती है ऐसी स्टोरी प्रसारित करने से भी बचना चाहिए .जिस बड़ोग स्टेशन का नाम यूनेस्को के वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल है, ऐसे प्राकृतिक सुंदरता वाले स्थान को आम पर्यटकों को देखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि पर्यटन बढ़े.कालका शिमला मार्ग पर सौ से अधिक सुरंग हैं ,इसके आसपास दर्शनीय स्थल भी हैं,यदि अफवाहों के आधार पर यदि दर्शनीय स्थलों को इस प्रकार से दुष्प्रचारित किया जाएगा तो लोग हमारे प्राकृतिक स्थलों को देखने क्यों आएंगे . डॉ दिनेश मिश्र ने कहा रात में ऐसे सुनसान स्थानों में आने वाली रहस्यमय आवाजों के सन्दर्भ में यही कहना है कि ऊंचे पहाड़ों व जंगलों में आने वाली हवाओं की सरसराहट, शोर अकेले व अंधेरे में रहस्यमयी जरूर लग सकता है , पर उसे डरावना या भुतहा कहना उचित नहीं. वहां जिस स्थान पर हम रात्रि में रुके थे ,वहीं कमरे की खिड़कियों के कांच पूरी तरह बंद न होने से हवाओं की आवाज, सरसराहट,सीटी जैसी आवाज कमरों में गूंज रही थीं ,जो खिड़कियों के काँच पूरी तरह बंद करने पर बंद हो गईं. डॉ .मिश्र ने कहा आज इस वैज्ञानिक युग में अंधविश्वास फैलाने की नहीं ,बल्कि वैज्ञानिक द्दष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है.यदि कोई व्यक्ति,चैनल, मीडिया का कोई हिस्सा वहां पर जाकर हमारे साथ में रहना ,देखना चाहता है रात में रुकना चाहता है तो हम दोबारा भी बड़ोग पर जाने और उस स्थान पर रहने उस पर चर्चा करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे

**डॉ दिनेश मिश्र,अध्यक्ष अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति.**

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आपके कुछ नए इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। ननिहाल पक्ष से आपको मान-सम्मान मिलेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आपको आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपकी कोई शारीरिक समस्या आपको परेशान कर सकती हैं, आप उसमें ढील बिल्कुल ना दें। आप किसी बड़े टेंडर के मिलने से काफी खुश रहेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपको कार्यक्षेत्र में किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। आपका कोई सहयोगी आपकी चुगली लगा सकता है। आपको किसी से धन को लेकर कोई लेनदेन सोच समझकर करना होगा। आपकी पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद में जीत मिलेगी, जिससे आपकी संपत्ति में भी हिसाब का होगा। आपके पिताजी आपको यदि कोई जिम्मेदारी दें, तो आप उसे समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। यदि आप किसी संपत्ति की खरीद-फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो उसमें आपको हस्ताक्षर बहुत ही देखभालकर करने होंगे। विद्यार्थी अपने ज्ञान में वृद्धि करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपको किसी यात्रा पर जाते समय माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाना बेहतर रहेगा। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आप खुशी से फूल नहीं समाएंगे, लेकिन आप किसी से कोई ऐसी बात ना बोले, जो उन्हें बुरी लगे।

कर्क- आज आपको शासन सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है, लेकिन फिलहाल आपको पुरानी में ही टिके रहना बेहतर रहेगा। आपने यदि किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो आप उसे भी काफी हद तक उतारने की कोशिश करेंगे। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे।

सिंह- आज आपको किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा। आपके बॉस आपके प्रमोशन के लिए आपको कोई प्रमोशन आदि जैसी खुशखबरी दे सकते हैं। आप भाई व बहनों से किसी बात को लेकर वाद विवाद में ना पड़े। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि व विवेक से कुछ नई-नई खोज करेंगे, जिससे आप अपने बिजनेस में भी अच्छी ऊंचाइयों को हासिल करेंगे। आपके सहयोगी भी आपकी खूब तारीफ करेंगे, लेकिन आपके कुछ गुप्त शत्रु आपके कामों को बिगड़ने की कोशिश कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत में कुछ गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा। आपका दान-धर्म के कार्यों में भी काफी रुचि रहेगी। आप माता जी को ननिहाल पक्ष के लोगों से मेल मिलाप कराने लेकर जा सकते हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए परेशानियां लेकर आने वाला है। आपका बिजनेस के कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है। आप यदि किसी यात्रा पर जाएंगे, तो उसमें वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। विद्यार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, जिससे उन्हें अच्छे सफलता मिलने की संभावना है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के कहने में आकर प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जिससे बाद में आपको नुकसान हो सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए यश और कीर्ति में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने घर की साफ-सफाई और रंगाई-पुताई पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे, जिसमें आपको खर्चा भी अधिक होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में चल रही समस्याओं को दूर करने के लिए आज अपने किसी सीनियर से बातचीत करनी होगी। आपके किसी प्रतियोगिता के परिणाम भी आने की संभावना है। आप अपने किसी काम को लेकर अपने भाइयों से सलाह मशवरा कर सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में नकारात्मक विचारों के रहने के कारण कार्यक्षेत्र में आपकी किसी सहयोगी से कहासुनी होने की संभावना है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी की बातों में आकर किसी काम को कर सकते हैं। संतान के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। आपका रुका हुआ धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने पैतृक संपत्ति संबंधित मामलों को किसी वरिष्ठ सदस्य की मदद से दूर करने की कोशिश करें।

मकर- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपके ऊपर जिम्मेदारियां अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। आपके व्यस्त रहने के कारण अपने पारिवारिक मामलों पर भी पूरा ध्यान देना होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आपने धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। वैवाहिक जीवन में रिश्तों में खटास आने की संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। संतान आपसे किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए कह सकती है, जिसमें आप अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपको किसी बाहरी व्यक्ति को धन उधार देने से बचना होगा। कामों में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके बिजनेस में आपको कोई बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। आपकी सामाजिक कामों में छवि और निखरेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। कोई कानूनी मामला आपको परेशान करेगा, लेकिन आप उसके लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा कर सकते हैं। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा, तभी आप अपने भविष्य को लेकर कोई अच्छा इन्वेस्टमेंट करेंगे। आपकी संतान के मनमाने व्यवहार के कारण आपका मन परेशान रहेगा। आप अपने पारिवारिक कामों को लेकर योजना बनाएंगे।

## एक नजर



**जगदलपुर, 08 अप्रैल।** बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल गत दिवस बकावंड में वरिष्ठ कार्यकर्त्ता के सुपुत्री की विवाह कार्यक्रम समारोह में सम्मिलित होकर नव युगल को शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की।

### नक्सल कमांडर हिड़मा के गांव पुवर्ती में लगा सुविधा शिविर



**सुकमा, 08 अप्रैल।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा ज़िला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले के माओवाद प्रभावित अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उनके आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं ताकि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों को मिल सके। शिविर के नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार श्री योपेंद्र पात्रे ने बताया कि 04 अप्रैल को पुवर्ती में शिविर लगाकर 120 वोटर आईडी, 60 जन्म प्रमाण पत्र, 13 आधार पंजीयन और 22 पैन कार्ड बनाए गए। इसके साथ ही 03 ग्रामीणों के बैंक अकाउंट भी खोले गए। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन-प्रशासन की सुविधाएं गांव गांव घर घर तक पहुँचने लगी हैं। पुवर्ती में सोलर के ज़रिए बिजली और पानी की सुविधा पहुंचाई गई है और प्रशासन के द्वारा कुछ घरों में टीवी भी प्रदान की गई है। फरवरी 2025 में पहली बार पुवर्ती गांव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निर्विघ्न और निर्विवाद रूप से संपन्न हुआ। कुछ समय पहले तक जहां लोगों में दहशत का माहौल था वहाँ अब जिला प्रशासन गांव पहुंचकर ग्रामवासियों के लिए हर संभव मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

### सुकमा में गेहूं के दुरुपयोग का मामला, जांच की मांग



**सुकमा, 08 अप्रैल।** सरकारी अनाज के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है। सुकमा नगर पालिका परिषद के बिरसामुंडा वार्ड क्रमांक 08 के शासकीय उचित मूल्य दुकान में रखे गए करीब 40 क्विंटल गेहूं में पूरी तरह से घुन लग गया है और इस गेहूं से बदबू भी आ रही है, जो इस कृत्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। बिरसामुंडा वार्ड क्र. 08 के पार्षद दीपक नेताम ने यह शिकायत की और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा, ÷शासकीय अनाज को खराब कर दिया गया है।÷ पार्षद ने सवाल उठाया है कि यह गेहूं किसके आदेश पर और किस उद्देश्य से कोठीगुड़ा में रखा गया था। दीपक नेताम ने महोदय से अनुरोध किया है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही, उन्होंने गेहूं की खराबी से हुई नुकसान की राशि की वसूली की भी मांग की है। यह मामला केवल प्रशासनिक कर्तव्यों के पालन की ओर इशारा नहीं करता, बल्कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जिम्मेदारी की आवश्यकता को भी उजागर करता है। सार्वजनिक धन का इस तरह से दुरुपयोग न केवल आम जनता के अधिकारों का हनन है, बल्कि इससे प्रशासन की छवि पर भी सवाल खड़ा होता है।

### नगर में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाएं, गंभीर चिंता का विषय

**सुकमा, 08 अप्रैल।** पिछले कुछ दिनों में सुकमा जिले में बाइक चोरी की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। रविवार, 06 अप्रैल को गौतम डॉक्टर के लैब के सामने से एक बाइक (गाड़ी नंबरः CG 18 रू1005) चोरी हो गई। बाइक मालिक ने अपील की है कि यदि किसी को यह बाइक कहीं दिखे, तो कृपया तुरंत 9479142145 पर संपर्क करें। इससे पहले, 05 अप्रैल 2025 की रात को कालेज छात्रावास सुकमा से रवा परमेश की Honda SP बाइक (गाड़ी नंबरः C.G.26 J0785) भी चोरी हो गई। बाइक के मालिक ने भी अपील की है कि यदि किसी को यह बाइक दिखे तो वे तुरंत 8770485069 या 9691416761 पर सूचना दें। सुकमा जिला मुख्यालय में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, और यह एक गंभीर चिंता का विषय बन गई है। सवाल यह उठता है कि आखिर कौन लोग इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# सचिव संघ की मांग के समर्थन में सरपंचों ने भी दिया धरना






- सचिवों की मांग को जायज बताते सचिवों की जंगी रैली में हुए शामिल
- पंचायतों का काम-काज ठप होने से बढ़ी परेशानी
- समर्थन देने हड़ताल पंडाल पहुंचे सरपंच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 08 अप्रैल।** पंचायत सचिवों की 17 मार्च से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को अब सरपंच संघों ने भी पंचायत सचिवों की हड़ताल को अपना समर्थन दिया है। नियमितीकरण-शासकीयकरण संबंधी एक सूत्रीय मांग को जायज ठहराया है। सरपंच संघ की दंतेवाड़ा जिला इकाई ने सोमवार को धरना स्थल दुर्गा मंडप में पहुंचकर सचिवों के आंदोलन को समर्थन दिया। इसके बाद सरपंच संघ के पदाधिकारी व सदस्य सचिवों की जंगी रैली में शामिल हुए। सरपंच संघ के चारो ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्षों ने कहा कि पंचायत सचिवों पर जितना कार्य भार और मानसिक दबाव रहता है, उसे देखते हुए शासन को नियमितीकरण-शासकीयकरण की मांग को तत्काल पूरा करना चाहिए। चुनाव के बाद जब से नए सरपंच चुनकर आए हैं, तब से सचिव हड़ताल पर चले गए हैं। नए सरपंचों को काम करने और कुछ सीखने का मौका ही नही मिल रहा है। विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। आम जनता अपने काम के लिए भटक रही है। वहीं सचिव संघ के जिलाध्यक्ष भरत हपका व पूर्व जिलाध्यक्ष पीलू डेगल ने कहा कि विधान सभा चुनाव के दौरान पंचायत सचिवों को शासकीयकरण का संकल्प अपने घोषणा पत्र में शामिल कर (मोदी की गारंटी ) में सत्ता आने पर 100 दिन में पूर्ण करने की घोषणा भाजपा नेताओं ने की थी। लेकिन आज दिनांक तक 16 माह बीत चुके, फिर भी लेकिन सचिवों की मांग आज तक पूरी नहीं हुई। सरपंच संघ की ओर से पदाधिकारियों के अलावा टेकनार सरपंच मनीराम भोगामी सरपंच भाँसी मीरा भास्कर सरपंच बड़े कमेली सरपंच करण तामो सरपंच चंदेनार सुमित्रा नाग कवलनार सरपंच सुनील नाग पंडेवार सरपंच लिंगू राम पदाम चितालंका सरपंच मुन्नी भास्कर व अन्य सरपंच भी मौजूद थे।रैली में मुख्य रूप से नकुलनार सरपंच रंजना कश्यप,गढ़मिरी सरपंच पवन कोर्राम,कुआकोंडा सरपंच सुनीता नाग,रेंगानार सरपंच मंगल भास्कर। जनपद पंचायत कटेकल्याण से बड़े लखापाल सरपंच दिनेश मड़काम बड़ेगुडरा सरपंच प्रमोद करटाम, लखमू राम नाग, प्रतापगिरी, लछ्छु कुहड़ाम, बेंगलुर, हड़मा कवासी, जंगमपाल, कमल मंडावी एटेपाल, जनपद पंचायत गीदम से मनोज कोर्राम सरपंच मुस्तलनार, दीपमाला कर्मा फरसपाल, राजेश वेट्टी कुंडेनार व जिले के समस्त सरपंच, उपसरपंच व पंच गण शामिल हुए।

## ग्रामों, हाट-बाजारों सहित सभी शासकीय कार्यालयों में रखी जाएगी समाधान पेटी

- आम जनता से अधिक से अधिक प्राप्त करें आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 08 अप्रैल।** कलेक्टर हरिस एस ने सुशासन तिहार 2025 के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहले चरण के अंतर्गत 08 से 11 अप्रैल आवेदन पत्र प्राप्त करना है, इसके तहत जिले के सभी ग्रामों के चौक-चौराहों में और हाट-बाजारों में समाधान पेटी रखी जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, तहसील, जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय, अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय सहित जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय और नगर पंचायत व नगर पालिक निगम कार्यालय में भी समाधान पेटी के माध्यम से जनता की मांग, समस्या, शिकायतों को प्राप्त किया जाएगा। कलेक्टर ने समाधान पेटी के साथ आवेदन लिखने के लिए सहयोगी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। प्रत्येक दिन आवेदन की जांच करने के लिए अधिकारी और मैदानी अमलों की ड्यूटी लगवाने के साथ ही प्रत्येक दिन ब्लॉक में आवेदनों को जमा करने एवं ऑपरेटरों के द्वारा पोर्टल में आवेदन की जानकारी अद्यतन करवाने के निर्देश दिए। पोर्टल में एंट्री की गई आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा निराकरण कर लगातार अपडेट किया जाएगा। साथ ही आवेदन के निराकरण में पात्र-अपात्र का पूरा विवरण का उल्लेख किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन प्राप्त किया जाएगा। कलेक्टर ने दूसरे चरण में 4 मई तक आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण समाधान करने का समय बताया। इसके उपरांत समाधान शिविर 5 मई 31 मई तक मौके पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सुशासन अभियान में जनता से अधिक से अधिक आवेदन लें। ग्राम में सुशासन तिहार के संबंध में अधिक सूचना देने के लिए कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाएँ। ब्लॉक, नगर के वार्डों में माइक से सूचना को प्रसारित करवाएं।

### सुकमा की दो महिलाओं को मिला नारी शक्ति सम्मान

**सुकमा, 08 अप्रैल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित न्यू उड़ान जन सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 5 महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से नवाजा गया। इस सम्मान समारोह में सुकमा जिले की दो प्रेरणादायक महिलाएं– सुजाता शर्मा (मेकअप आर्टिस्ट) और बरखा बागड़े (हेयर स्टाइल आर्टिस्ट)–को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सुकमा की ये महिलाएं न केवल ब्यूटी पार्लर के सफल संचालन में माहिर हैं, बल्कि उन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से अन्य महिलाओं और युवतियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनके प्रयासों से कई महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुईं और समाज में अपने लिए एक नई पहचान बनाई।

## सुरक्षा की दृष्टि से पानी की टंकियों का बाउंड्रीवाल होना है आवश्यक: अवधेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 8 अप्रैल।** गीदम नगर में अलग अलग जगहों पर बनी बड़ी-बड़ी पानी की टंकियां अब खुद एक खतरे का संकेत बन गई हैं, हैरानी की बात यह है कि इन टंकियों की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं है न कोई सेफ्टी बाउंड्री वॉल न ही कोई निगरानी व्यवस्था, यह लापरवाही किसी भी दिन एक बड़े हादसे को जन्म दे सकती है उक्त बातें गीदम नपं वार्ड नं 12 के पार्षद अवधेश गुप्ता ने मीडिया से कही है। अवधेश बताते है कि इस मामले को नपं में कई बार रखा गया है लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई दिलचस्पी नही दिखाई जाती है। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति मानसिक तनाव में आकर टंकी के ऊपर चढ़ जाए या कोई गलत कदम उठा ले या कोई असामाजिक तत्व पानी में कैमिकल या ज़हर मिला दे, तो पूरा नगर इसकी चपेट में आ सकता है, नगरवासियों की चिंता जायज़ है। यह सिर्फ एक सेफ्टी इशू नहीं, बल्कि सैकड़ों लोगों की जान से जुड़ा मामला है। पानी टंकियों के चारों ओर मजबूत बाउंड्री वॉल का निर्माण होना चाहिए साथ ही सीसीटीवी कैमरे और एक चौकीदार की स्थायी नियुक्ति की जानी चाहिए । वही नियमित रूप से निरीक्षण और पानी की गुणवत्ता की जाँच भी होनी चाहिए जिससे नगरवासियों को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण जल मिल सके।

## मुख्य सचिव ने सुशासन तिहार के लिए तैयारी करने के दिए निर्देश दिए

- आम जनता से कल 08 से 11 अप्रैल तक प्राप्त किए जाएंगे आवेदन पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 08 अप्रैल।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुशासन तिहार-2025 के आयोजन हेतु तैयारी करने सहित कल 08 अप्रैल से आवेदन पत्र प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए माइक्रो प्लानिंग कर जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु गम्भीरता के साथ पहल किए जाने कहा। साथ ही अभियान के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जनता को अवगत कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन एवं खाद्य विभाग ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह सहित राज्य शासन के सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य करेगा।



# बस्तर क्षेत्र के युवाओं के दिए गए सुझावों को युवा नीति में करेंगे शामिल

- समाहित-राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर
- टाउन हॉल में हुआ युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर 08 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय तोमर के मुख्य आतिथ्य में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को टाउन हॉल जगदलपुर में आयोजित किया गया। युवा संवाद कार्यक्रम में स्कूल एवं महाविद्यालय के एनएसएस कैडेट एवं नर्सिंग कॉलेज के युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री तोमर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की युवाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी युवाओं को दी जाए और इन योजनाओं से उन्हे लाभान्वित करने के लिए व्यापक पहल किया जाए। उन्होने कहा कि बस्तर क्षेत्र के स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकता के अनुसार जो बदलाव संबन्धी सुझाव युवाओं के द्वारा दिए जाऐंगे उसे युवा नीति में समाहित कर राज्य की एक सशक्त युवा नीति तैयार की जाएगी। इस मौके पर युवा आयोग द्वारा युवाओं को अपने विचार रखने के लिए ब्रोसर-पंपलेट वितरित किए गए, जिसमें युवाओं ने, युवा संवाद कार्यक्रम के तहत अपने विचार छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग को लिखित में दिए। युवा संवाद के संक्षिप्त कार्यक्रम में युवा आयोग के सदस्य श्री संग्राम सिंह राणा, श्री अविनाश श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में एनएसएस के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नीता बाजपेई, बस्तर के एनएसएस प्रभारी श्री पटेल, नेहरू युवा केंद्र की समन्वयक श्रीमती अंजलि, सहायक संचालक खेल युवा कल्याण श्री राजेंद्र डेकाटे, दंतेश्वरी कॉलेज की एनएसएस प्रभारी प्रिंसी दुग्गा, शिक्षा विभाग के जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री वेद प्रकाश सोनी, चंद्रमोहन वर्मा, श्रवण साहू, कोटेश्वर नायडू, क्रीड़ा अधिकारी लिलेश देवांगन आदि उपस्थित थे।

## आज से 22 अप्रैल तक होगा पोषण पखवाड़ा का आयोजन

- पोषण पखवाड़ा में अधिकाधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करवाने की अपील

**जगदलपुर 08 अप्रैल।** पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उदेश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर पोषण संबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान का एक मुख्य उद्देश्य है। उद्देश्य प्राप्ति हेतु जन आंदोलन घटक अंतर्गत प्रति वर्ष विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पोषण पखवाड़ा का आयोजन मार्च-अप्रैल में किया जाता है। इसी कड़ी में भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी कल 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हरिस एस ने इस पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों में अधिकाधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करवाने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा है कि पोषण पखवाड़ा के दौरान आयोजित गतिविधियों में सभी के समेकित व सक्रिय सहयोग से जनसाधारण, स्व सहायता समूहों के सदस्यों और ग्रामीणों की व्यापक सहभागिता हो सकेगी। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले को आपसी समन्वय से पोषण पखवाड़ा को परिणाममूलक बनाने कहा है।

### सिंगनपुर के दो छात्रों ने राज्य स्तरीय अंग्रेजी प्रतियोगिता डब्ल्युपीसी फाइनल में दिखाए हुनर



**केशकाल, 08 अप्रैल।** प्राथमिक शाला नयापारा सिंगनपुर विकासखंड केशकाल जिला कोंडागांव के कक्षा 3 के छात्र चैतन्य पटेल एवं कक्षा 5 के कविता पांडे ने SCERT एवं निहार शांति पाठशाला फनवाला के तत्वाधान में लीप फॉरवार्ड की अंग्रेजी प्रतियोगिता वर्ड पावर चैंपियनशिप 2024-25 में अपनी कक्षा के राज्य भर के पंजीकृत प्रतिस्पर्धी बच्चों से प्रतिस्पर्धा कर सुपर सिक्स में चयनित हुए तथा राज्य स्तरीय फाइनल प्रतियोगिता 29 मार्च 2025 को न्यू सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें चैतन्य पटेल ने पूरे राज्य में कक्षा तीन में चौथे स्थान एवं कविता पांडे ने छठवें स्थान अर्जित किया इस अवसर पर बच्चों शिक्षकों एवं पालको श्रीमती नम्रता पटेल व इंद्रा पांडे को सम्मानित किया गया इस अवसर पर SCERT रायपुर से पुष्पा किस्पोट्टा मेम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे वे कोंडागांव से चयनित छात्रों के नाम सुनकर सहर्ष प्रसंशा किये तथा अगले वर्ष और अच्छे मेहनत कर प्रथम स्थान अर्जित करने प्रेरित किये। शाला स्तर से लेकर सेमीफाइनल राउंड तक की परीक्षा वेबसाइट लिंक से लिया गया तथा सभी स्तर की परीक्षा पश्चात प्रश्नो को बदलकर गूगल मीट से टेस्ट लेकर बच्चों का ऑडिट किया गया। गौरतलब है कि इस स्कूल से हर वर्ष बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल होते हैं तथा अपना अच्छा प्रदर्शन करते हैं 2021-22 में इस स्कूल की छात्रा चंद्रकला नेताम अपने शिक्षक भुवनेश्वर आग्रे एवं पालक संतोष नेताम के साथ मुंबई में सम्मानित हो चुके हैं तथा 2023-24 में कक्षा 5 से देविका सिदार पूरे छत्तीसगढ़ में तृतीय स्थान अर्जित किए थे जिन्हें सम्मान पूर्वक इस वर्ष के कार्यक्रम में पोस्टर पर प्रदर्शित किया गया था।

### राज्य में पारदर्शिता और लोककल्याण की दिशा में सीएम साय का महत्वपूर्ण कदम

**सुकमा, 08 अप्रैल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में सुशासन तिहार -2025 के आयोजन का ऐलान किया है, जो शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा। सुशासन तिहार-



2025 का पहला चरण 08 से 11 अप्रैल 2025 तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था की जाएगी और आवेदनकर्ताओं को पावती दी जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित अधिकारियों द्वारा इन्हें एक माह के भीतर निराकृत किया जाएगा। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इनका समाधान सुनिश्चित करना होगा। आवेदन के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा राज्य और जिला स्तर पर की जाएगी। समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से 31 मई 2025 तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी और जहां संभव होगा, वहीं समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवायजरी की जारी

**सुकमा, 08 अप्रैल।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जिले में आम जनता को लू (हिट स्ट्रोक) से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। संपूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापमान में औसत रूप में वृद्धि हुई है, जिसके कारण प्रदेश के साथ हमारे जिले में भी भीषण गर्मी पड़ने एवं लू चलने की संभावना है। गर्मी के कारण सामान्य जनमानस प्रभावित होता है, जिससे लू लगना एवं अन्य जलजनित बीमारियाँ होने की होने की संभावना बढ़ जाती है। गर्मी के कारण लू से बचाव तथा जलजनित संक्रामक बीमारियों से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु पूर्व से तैयारी किया जाना अतिआवश्यक है। इस परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सावधानी रखने दिशा निर्देश जारी किए हैं। सिर में भारीपन एवं दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह सुखाना, चक्कर व उल्टियां होना, कमजोरी के साथ शरीर में अत्यधिक दर्द होना, पसीना नहीं आना, अधिक प्यास लगना लेकिन पेशाब का कम होना, भूख कम लगना, घबराहट लगाना, बेचैनी होना, बेहोश हो जाना आदि लू के लक्षण है। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और लवण मुख्यत नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न जाए, घर से बाहर जाना ही हो तो, खाली पेट न जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कान को मुलायम कपड़ों में अच्छी तरह से बांध ले तथा आंख में भी रंगीन चश्मा लगा ले, पानी साथ लेकर घर से निकले एवं बीच बीच में पानी पीते रहे, अधिक समय तक धूप में न रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम, सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस की घोल पीएं।

### माओवाद प्रभावित क्षेत्र रायगुड़ा में जन सुविधा शिविर का आयोजन

**सुकमा, 08 अप्रैल।** जिले में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चयनित ग्रामों एवं माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 अप्रैल 2025, सोमवार को कोंटा विकासखंड में स्थित ग्राम पंचायत मोरपल्ली के रायगुड़ा में जन सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोन्टा को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कोन्टा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशासन के द्वारा आयोजित जन सुविधा शिविर में आधार कार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जॉब कार्ड निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन-व्यक्तिगत शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, महिला समूह गठन, बैंक खाता खोलना एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

## एक नजर

### पुनर्वास केन्द्र में आत्म समर्पित नक्सली बनेंगे साक्षर



**बीजापुर 8 अप्रैल ।** बीजापुर स्थित नक्सल पुनर्वास केन्द्र में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जन-जन साक्षर के परिकल्पना को साकार करने जिला प्रशासन की विशेष पहल से अब आत्मसमर्पित नक्सलियों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का अनुकरणीय प्रयास किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वालो को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। वहीं वर्षो से भटकाव के वजह से ज्यादातर आत्मसमर्पित नक्सली शिक्षा से वंचित हुए थे उन्हे सकारात्मक विचार धारा प्रदान करने एवं उनके सुनहरे भविष्य के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के सौजन्य से प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जा रही है।शिक्षा के मुख्य धारा में जुड़ने के लिए सभी आत्मसमर्पित नक्सली युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है।

### श्रीराम नवमी पर हुआ सीआरपीएफ कैम्प उसूर में भंडारे का आयोजन



**बीजापुर 8 अप्रैल ।** बीजापुर जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात एफ/196 बटालियन तथा एफ/205 कोबरा द्वारा श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन उसूर, बीजापुर (छ0ग0) में किया गया। बटालियन के कमांडेंट, कुमार मनीष, द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश, द्वितीय कमान अधिकारी, गोपाल बुनकर, श्री धीरेन्द पाठक, उप कमांडेंट, कोबरा 205 बटा0 के मार्गदर्शन एवं समवाय अधिकारी संतोष कुमार पटेल के नेतृत्व में समवाय के सभी कार्मिकों ने भंडारा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शुभअवसर पर उसूर, नडपल्ली, गलगम, भूसापुर, टेकमेटला. मारुदबांका, पुजारी कांकेर, नेलाकांकेर के ग्रामीणों, बच्चों, महिलाओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वादिष्ट प्रसाद ग्रहण किया। नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के इस सराहनीय कार्य से स्थानीय लोगों और सुरक्षा बल के बीच बेहतर एवं मधुर संबंध को बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर निरी0 जय सिहं खूंटे, थाना प्रभारी उसूर, ईलयामा भीमा कट्टम सरपंच उसूर, श्रीमती रामा पोडियम, सरपंच मरूदबांका, कोसा पोड़ियम, सरपंच पुजारी कांकेर, सरोजिनी सीपी जनपद सदस्य उसूर, डॉ. विनीत जोन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उसूर, एवं उसूर के गणमान्य व्यक्तियों एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस व नवीन औद्योगिक नीति पर 9 अप्रैल को कार्यशाला

**रायगढ़, 8 अप्रैल।** उद्योग संचालनालय रायपुर द्वारा रायगढ़ में औद्योगिक नीति 2024-30, रैंप योजना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगे। यह कार्यशाला होटल अंश में 9 अप्रैल दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हुए सफल सुधारों और औद्योगिक नीति 2024-30 के प्रावधानों पर क्लस्टर स्तरीय यूजर फीडबैक और सेंसिटाइजेशन पर यह कार्यशाला आयोजित है।

# रामनवमी पर निकली भव्य शोभा यात्रा, जीवंत झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद,8 अप्रैल।** श्रीराम नवमी के पावन पर्वँ पर जिला मुख्यालय गरियाबंद में आज धर्म और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। हिंदू रक्षा मंच के तत्वावधान में निकली भव्य और विशाल शोभा यात्रा ने नगरवासियों के हृदयों में अमिट छाप छोड़ दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू, भागवताचार्य युवराज पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष रिखी यादव जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने सभी नगरवासियों को श्रीरामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके ही साथ शोभा यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत भी किया।

इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा की भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म, प्रेम और आदर्श का प्रतीक है। आज के दिन हम संकल्प लें कि हम भी श्रीराम के आदर्शों का पालन करेंगे। अपने जीवन में सत्य, सेवा, कर्तव्य और प्रेम को अपनाएंगे।भगवाताचार्य युवराज पांडेय ने आयोजन को लेकर हिंदू रक्षा मंच को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी का परिश्रम, आपकी श्रद्धा और आपकी सेवा भावना देखकर मन गर्व से भर उठा। भगवान श्रीराम आप सभी को आशीर्वाद दें, आप सभी धर्म के कार्यों में अग्रसर रहें और समाज को संगठित करते रहें। जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने भी बधाई देते कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और धर्म से जोड़ते हैं। विशाल शोभायात्रा यात्रा से पूरा नगर राममय हो गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन परस देवांगन ने किया। इसके पहले शाम पांच बजे श्रीराम जानकी मंदिर से विधिवत पूजन-अर्चन के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। सबसे आगे जीवंत हनुमान जी के वेश में सजी वानर सेना ध्वजवाहक बनकर शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रही थी। ध्वजों की पताका लहराते हुए यह दृश्य मानो त्रेतायुग की जीवंत झलक प्रस्तुत कर रहा था।श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और पवनपुत्र हनुमान की भव्य और जीवंत झांकियाँ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। अयोध्या की तर्ज पर निर्मित भव्य रथ पर विराजमान श्रीराम लला की दिव्य प्रतिमा ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।शौर्य प्रदर्शन के तहत धमतरी और कोपरा के अखाड़ों ने वीरता का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देख श्रद्धालु जयकारों से गगन गुंजाते रहे। वहीं, उड़ीसा के प्रसिद्ध घूमड़ा नृत्य और छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गौरी घुमाल नृत्य ने शोभा यात्रा को सांस्कृतिक भव्यता प्रदान की। नगर भर में जगह-जगह बनाए गए भव्य स्वागत द्वार, पुष्प वर्षा और प्रसाद वितरण से श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। सम्पूर्ण वातावरण श्रीराममय हो गया और ÷जय श्रीराम÷ के गगनभेदी नारों से नगर गूंज उठा।प्रशासन द्वारा की गई सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभा यात्रा भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुई। समापन अवसर पर सभी ने भगवान श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदू रक्षा मंच के प्रकाश चंद रोहरा, विनय दासवानी, परस देवांगन, संदीप सरकार, राजू तिवारी, तामेश्वर सोनी, पुष्पक देवांगन, उमेश सिंग, रितेश टांडी, बाबा सोनी, उत्तम सोनी, ऐश्वर्य यदु, हिमांशु गुप्ता, रिक्की गुप्ता, यश मिश्रा, तामेश्वर सोनी, जीवन सोनी, गैद सिन्हा, मुकेश पाण्डेय के साथ साथ नगर के सभी सामाजिक संगठन, व्यवसायिक संगठन, धार्मिक संगठन, समस्त मातृ शक्ति संगठन के साथ साथ नगर के प्रबुद्धजन जुटे रहें।

# ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के नागरिक पंचायतों और नगरीय निकायों में जाकर दे रहे हैं आवेदन

**महासमुंद, 8 अप्रैल ।** सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतर्गत मंगलवार 08 अप्रैल से समस्या, शिकायत और मांगों को लेकर आवेदन देने की प्रक्रिया आज सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हो गई है। आवेदन लेने की प्रक्रिया शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 तक चलेगी। आवेदक उक्त स्थानों पर जाकर अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर प्रातः 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पंचायतों के अलावा कलेक्ट्रेट ,जनपद और तहसील कार्यालयों में भी समाधान पेटी लगाए गए हैं। जहां नागरिक आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए जिले के पांचों विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए जिले में 51 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी में प्राप्त आवेदन पत्रों के संकलन एवं जमा करने हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरी एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में 8 से 11 अप्रैल 2025 तक प्रातः 10:00 से शाम 5:00 बजे तक प्रतिदिन आम जनता से समाधान पेटी में आवेदन प्राप्त कर सेक्टर अधिकारियों द्वारा आवेदन पत्रों को संकलित कर प्रतिदिन शाम 5:30 बजे तक जमा करने के लिए प्रत्येक अनुविभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### कलेक्टर सहित जिला अधिकारी कर रहे है निरीक्षण

कलेक्टर श्री विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक सहित नोडल अधिकारी सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन लेने की प्रक्रिया और इन केंद्रों में व्यवस्था का अवलोकन करने पंचायतों में पहुंच रहे है। कलेक्टर श्री लंगेह द्वारा पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बम्हनी जो जिले के अंतिम छोर पर बसा है, यहां आवेदन लेने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि किसी



भी नागरिक को आवेदन देने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने नागरिकों से जानकारी भी ली। आवश्यकतानुसार कई केंद्रों में आवेदन देने मदद करने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

### नागरिकों को है सुशासन पर भरोसा

आज सुबह 10 बजे ग्राम परसदा में गांव के निवासी श्री विक्रम चंद्राकर ने गांव में पेयजल की समस्या को देखते हुए नलकूप खनन की मांग की। उन्हें विश्वास है कि उनकी मांग का निराकरण होगा। इसी तरह ग्राम खैराभाठा के दुलारी बाई तारक ने रोजगार के लिए आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार की अच्छी सोच है कि हमें अपनी मांग और समस्याओं को बताने एक उचित प्लेटफॉर्म मिल रहा है। इसी तरह सीताराम चौहान ग्राम गौरटेक ने बताया कि उन्हें गांव में हुए अतिक्रमण को लेकर चिंता है,

### सुशासन तिहार का सफल आयोजन करने कलेक्टर ने नामजद अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

**बीजापुर, 8 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंगलवार 08 अप्रेल से प्रारंभ होने वाले सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत बीजापुर जिले में इसका सफल एवं बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है जिसके अन्तर्गत समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अपने क्षेत्र के सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय -निकाय से समन्वय कर सुशासन तिहार 2025 के संबंध में प्राप्त निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित करेंगे। समस्त सीईओ जनपद पंचायत द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों में समाधान पेटी की व्यवस्था, सुशासन तिहार का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार, सुशासन तिहार अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों को जनपद स्तरपर इन्द्राज सुनिश्चित करने संबंधित विभाग तक पहुंचाने, सुशासन तिहार के संबंध मे जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने उनसे आवश्यक सहयोग लेने, ग्रामीणों से आवेदन लेने , आवेदन पत्र भरने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति करने सहित सभी ग्राम पंचायतों से पर्याप्त मात्रा में आवेदन उपलब्ध कराने का दायित्व सौंपा गया है।समस्त सीएमओ नगरीय निकाय को सुशासन तिहार-2025 के निर्देशो के अन्तर्गत प्रत्येक नगरीय निकाय में समाधान पेटी रखने, सुशासन तिहार अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने,प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग तक पहुंचाने, स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सहयोग प्राप्त करने, नगरीय निकाय क्षेत्रों में पर्याप्त आवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है।सुशासन तिहार -2025 का आयोजन के पहले चरण में 08 अप्रेल से 11अप्रेल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे और अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आवेदन प्राप्त करने रोजगार सहायकों को समाधान पेटी दी गई



**बीजापुर, 8 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत अंदरूनी गांवो में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ व्यक्तिगतमूलक योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे ग्रामीण शासन के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन स्तर पर व्यापक सुधार ला सके। इसी क्रम में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर व्यक्तिगतमूलक हितग्राहियों को आर्थिक गतिविधि से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत पालनार में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा ग्रामीणों को 35 यूनिट बैकयार्ड कुक्कुट इकाई का वितरण कर कुक्कुट पालन के योजना के बारे में ग्रामीणों को बताया गया एवं तकनीकी जानकारी दी गई।

# कारखाने में स्थापित समस्त ईओटी क्रेन के संचालन को किया गया प्रतिबंधित



**रायगढ़, 8 अप्रैल।** मेसर्स नवदुर्गा फ्यूल प्रायवेट लिमिटेड, रायगढ़ में बीते दिनों दुर्घटना में एक श्रमिक के मृत्यु के संबंध में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा कारखाने की जांच की गई। जिसमें श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर इंतेजाम में खामियां पाए जाने पर श्रमिकों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कारखाने में स्थापित समस्त ईओटी क्रेन के संचालन कार्य को प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने उद्योगों में श्रमिकों की सुरक्षा में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्री मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मेसर्स नवदुर्गा फ्यूल (प्रा.) लि., ग्राम- सराईपाली, तहसील-तमनार, जिला- रायगढ़ में गत 5 अप्रैल 2025 को स्व.श्री रामजी भुईया की प्राणांतक दुर्घटना की जांच उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, रायगढ़ द्वारा 7 अप्रैल 2025 को की गयी। जांच में पाया गया कि कारखाने में स्थापित टीएमटी रोलिंग मिल के सीटीएस नंबर-2 के बंडलिंग एरिया में दिनांक 4 अप्रैल 2025 की रात्रिपाली में श्री रामजी भुईया अन्य श्रमिकों के साथ कार्यरत थे। यहां पर टीएमटी बार के बंडल की हैंडलिंग ईओटी क्रेन नंबर-2 के द्वारा की जा रही थी। 5 अप्रैल को प्रातः लगभग 5:10 बजे ईओटी क्रेन नंबर-2 के हायेस्ट के खाली हुक के वर्टीकली अपवर्ड मूव्हमेंट के दौरान लिमिट स्वीच के कार्य नहीं करने के कारण हुक ऊपर जाकर ईओटी केन नंबर-2 के सीटी (क्रास ट्रैव्हल) से टकराया। जिससे उत्पन्न हुए तनाव से हायेस्ट की रोप टूट गयी और यह लगभग 120 किलो ग्राम वजनी हुक सरिया के बंडल पर गिरकर श्री रामजी भुईया की छाती पर बायीं तरफ लगा जिससे लगी गंभीर आंतरिक चोटों से श्री रामजी भुईया की मृत्यु हुई।

कलेक्टर श्री गोयल के निर्देशन में मनीष कुमार श्रीवास्तव उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं उप मुख्य कारखाना निरीक्षक, छ.ग. शासन रायगढ़ द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 40(2) में प्रदत्त शक्तियों का उपभोग करते हुए कारखाने के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक- श्री प्रकाश बेहरा को कारखानें में स्थापित समस्त ईओटी केन के संचालन को तब तक प्रतिबंधित करने के लिये निर्देशित किया गया है जब तक कि कारखाने में स्थापित सभी ईओटी क्रेन की भलीभांति जांच कर इनका सुरक्षित होना प्रमाणित नहीं कर लिया जाता है व ईओटी क्रेन के आपरेशन के दौरान क्रेन के परिचालक को क्रेन के सुरक्षित संचालन हेतु सूचना देने के लिये सुपरवाईजर की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं कर ली जाती है तथा इस बाबत् उनके समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर दी जाती है। दुर्घटना की जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रकरण में शीघ्र ही कारखाने के अधिभोगी एवं कारखाना प्रबंधक श्री प्रकाश बेहरा को कारण बताओ सूचना जारी कर कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन के लिये उनके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण श्रम न्यायालय रायगढ़ में दायर किया जाएगा।

### युवा पत्रकार को आवारा कुत्ते ने काट किया लहूलुहान

**बीजापुर, 8 अप्रैल ।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को एक और सनसनीखेज घटना सामने आई, जब कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रभारी और युवा पत्रकार राजेश जैन आवारा कुत्ते के हमले का शिकार हो गए।

जानकारी के अनुसार, राजेश जैन अपने निवास की ओर बाइक से जा रहे थे, तभी घर के पास चौक पर बैठे एक आवारा कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उनके जांघ के पास बुरी तरह काट लिया, जिससे वे लहूलुहान हो गए।घायल अवस्था में राजेश जैन को तत्काल बीजापुर के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

अस्पताल में उन्हें एंटी रेबीज के टीके भी लगाए जा रहे हैं।इस घटना ने नगर में आवारा कुत्तों की समस्या को एक बार फिर उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है और वे प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

### ग्रामों, हाट-बाजारों सहित सभी शासकीय कार्यालयों में रखी जा रही है समाधान पेटी



**जगदलपुर 8 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने सुशासन तिहार 2025 के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहले चरण के अंतर्गत 08 से 11 अप्रैल आवेदन पत्र प्राप्त करना है, इसके तहत जिले के सभी ग्रामों के चौक-चौराहों में और हाट-बाजारों में समाधान पेटी रखी जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, तहसील, जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय, अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय सहित जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय और नगर पंचायत व नगर पालिक निगम कार्यालय में भी समाधान पेटी के माध्यम से जनता की मांग, समस्या, शिकायतों को प्राप्त किया जाएगा। कलेक्टर ने समाधान पेटी के साथ आवेदन लिखने के लिए सहयोगी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। प्रत्येक दिन आवेदन की जांच करने के लिए अधिकारी और मैदानी अमलों की ड्यूटी लगवाने के साथ ही प्रत्येक दिन ब्लॉक में आवेदनों को जमा करने एवं ऑपरेटरों के द्वारा पोर्टल में आवेदन की जानकारी अद्यतन करवाने के निर्देश दिए। पोर्टल में एंट्री की गई आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा निराकरण कर लगातार अपडेट किया जाएगा। साथ ही आवेदन के निराकरण में पात्र-अपात्र का पूरा विवरण का उल्लेख किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन प्राप्त किया जाएगा।

### शिविर को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह

**भोपालपटनम, 8 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनपद पंचायत भोपालपटनम अंतर्गत ग्राम पंचायत लिंगापुर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत वरदली,बारेगुड़ा, लिंगापुर वाडला एवं दम्मूर के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल होकर अपनी सहभागिता दी।



उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्या श्रीमती कविता कोरम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नीलम गणपत, समस्त सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# जल जीवन मिशन से सिंघपुरी में पहुंचा शुद्ध पेयजल

**रायगढ़, 8 अप्रैल।** एक समय था जब ग्राम सिंघपुरी के लोग पीने के पानी के लिए दूर स्थित तालाबों और नदी पर निर्भर रहते थे। पानी की गंदगी और समय की बर्बादी के कारण उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता था। लेकिन आज वही गांव जल जीवन मिशन के तहत एक नई दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां हर घर में स्वच्छ और शुद्ध पानी की आपूर्ति हो रही है। यह बदलाव न केवल सिंघपुरी के जीवन स्तर को सुधारने में मदद कर रहा है, बल्कि यहां के लोगों की सोच में भी बड़ा परिवर्तन ला रहा है। जल जीवन मिशन योजना से अब गांव के लोग अपनी जीविका के साथ-साथ अपनी सेहत और जीवनशैली को भी सुधार रहे हैं। यह योजना न केवल ग्रामीणों की कठिनाइयों को दूर कर रही है, बल्कि उनके जीवन को बेहतर और स्वस्थ बना रही है।

ग्राम सिंघपुरी जो कि रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड के बाराडोली ग्राम पंचायत का एक छोटा आश्रित गांव है। इस गांव की जनसंख्या लगभग 434 है और यहां 123 परिवार निवासरत है। गांव में एक स्कूल एवं एक आंगनबाड़ी केन्द्र भी है। यहां के ग्रामीण मुख्य रूप से कृषि कार्य पर निर्भर है। जल जीवन मिशन योजना के तहत अब गांव में प्रत्येक कनेक्शन 55 लीटर



प्रतिदिन प्रति व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। इस पहल के तहत जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत गांव के हर घर में नल के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है, जिससे गांव के नागरिकों को पीने का स्वच्छ पानी आसानी से मिल रहा है। साथ ही यहां के रहवासी अपशिष्ट जल प्रबंधन से सब्जी-बाड़ी से आर्थिक आमदनी निकाल रहे है।

ग्राम सिंघपुरी की श्रीमती शांति यादव का जीवन जल जीवन मिशन के बाद पूरी तरह से बदल गया है। शांति बताती हैं कि पहले हमें पीने का पानी लाने के लिए बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता था। तालाब का पानी गंदा होता था और उसमें मिट्टी भी मिल जाती थी। बच्चों को इस गंदे पानी से बीमारियां हो जाती थीं, लेकिन अब घर के नल से साफ पानी मिल रहा है। शांति का परिवार मुख्य रूप से खेती पर निर्भर है और जीवन यापन के लिए उन्हें कई बार खेतों में काम करने के बाद भी पानी की कमी महसूस होती थी। उन्होंने कहा कि पानी की परेशानी के कारण न सिर्फ हमें, बल्कि हमारे मवेशियों को भी दिक्कत होती थी।

लेकिन जल जीवन मिशन के आने से अब वह सारी समस्याएं दूर हुई है। उन्होंने कहा कि अब तालाब से पानी लाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता और घर में ही साफ पानी मिलता है। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से घर में शुद्ध पेयजल पहुंचने से खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित की है।

### जल जीवन मिशन ने गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ाई जागरूकता

जल जीवन मिशन न केवल पीने के पानी की समस्या का समाधान कर रहा है, बल्कि इसने गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई है। अब शांति जैसे कई ग्रामीण परिवार घर में बने शौचालयों का उपयोग कर रहे हैं, जो पहले पानी की कमी और गंदगी के कारण नहीं हो पाता था। यह बदलाव गांव के स्वास्थ्य में भी सकारात्मक असर डाल रहा है और बीमारियों की संख्या में कमी आई है। शांति के अलावा अन्य ग्रामीण भी इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। गांव में जल जीवन मिशन लागू होने के बाद अब लोग अपने दैनिक जीवन में पानी की गुणवत्ता को लेकर ज्यादा सतर्क हैं।

ग्राम सभा में जल जीवन मिशन से जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे लोगों को पानी के सही उपयोग और स्वच्छता के बारे में जानकारी मिलती है।

विसर्जन



**सिमगा, 8 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माता के जसगीत एवं मांदर की थाप में जोत जवारा विसर्जन किया गया। नगर में चैत्र नवरात्र पर्व पर मंदिर व घरों में जोत जवारा की स्थापना कर नौ दिन तक माता की सेवा की गई। वहीं दसमी के दिन भक्तों ने जसगीत एवं मांदर के थाप में माता व बहनों ने नंगे पैर चलते हुये जवारा को सरोपी तालाब एवं अन्य तालाबों में विसर्जन किया । जिसे देखने के लिए चौक चौराहों पर भक्तों का हुजूम लगा रहा।

# नगर में रामनवमी की रही धूम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 अप्रैल।** सिमगा शहर में प्राचीन चिंताहरण हनुमान मंदिर मे स्थित राम जानकी मंदिर मे भगवान राम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव मनाया गया तथा 2 बजे से पुरुषों द्वारा रामायण पाठ एवं 4 बजे से महिलाओं के द्वारा रामायण पाठ किया गया। शाम 6 बजे महाआरती के साथ 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

### ग्राम पंचायतों में पानी की भीषण समस्या

# सरपंचों ने सीईओ को ज्ञापन सौंपकर की जल्द निराकरण करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 अप्रैल।** सिमगा ब्लॉक के सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश चवरे ने अपने साथियों के साथ सभाकक्ष में बैठक लेकर सर्व सम्मति से मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिमगा अमित दुबे को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि गर्मी के चलते ग्राम पंचायतों में भीषण पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिसके कारण गांवो में पानी को लेकर स्थिति गंभीर बनी हुई है।

श्री चवरे ने आगे कहा कि 17 मार्च 2025 से सचिव संघ के हड़ताल में होने के कारण बहुतायत सरपंचो का प्रभार नहीं हो पाया है, एवं वर्तमान में लगभग सभी पंचायतों में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पंचायतों में अनेक प्रकार की मूलभूत समस्याओं से ग्रामीणों को जुझना पड़ रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावित हो रही है। इसके चलते आप ग्राम पंचायतों के सुचारू रूप संचालन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये तत्काल सचिवों की व्यवस्था करें। दिनेश चवरे अध्यक्ष ने कहा कि हम सचिवों के मांग के साथ है, लेकिन फिलहाल गांवों की समस्याओं को देखते हुए आप सरपंचों को सहयोग प्रदान करें। सीईओ को ज्ञापन सौंपने वाले प्रमुख रूप से चंद्रमणी तिवारी तुलसी सरपंच, कुबेर यदु मर्राकोना, नेहा मुरली शर्मा लिमतरा, अन्नपूर्णा उमेश सायतोड़े किरवई, दौलत बंजारे चक्रवाय, राहुल ठाकुर बनसांकरा, शैलेन्द्री बासीन सरपंच उपस्थित थे।



## एक नजर

### जिले की पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया



**बलौदाबाजार, 8 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने नेतृत्व में महात्मा गांधी नरेगा के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। रोजगार दिवस में जनभागीदारी से जल संरक्षण के बारे में संगोष्ठी के साथ ही साथ 8 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले ''सुशासन तिहार 2025'', आवास सर्वे 2.0 एवं 1 अप्रैल 2025 से मनरेगा में अकुशल श्रमिको की मजदूरी दर में वृद्धि 261 रूपये होने की जानकारी दी गई। बताया गया कि महात्मा गांधी नरेगा के तहत जिले में कुल 2697 कार्य संचालित है जिसमें 8880 श्रमिक नियोजित है। जिले के सभी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में पंजीकृत श्रमिको को रोजगार उपलब्ध कराते हुए कार्यक्षेत्र पर रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायतों में नरेगा के तहत विभिन्न कार्य संचालित हैं जिसमें ग्रामीणों क़ो रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सोसाइटी के पुनर्गठन के लिए दावा-आपत्ति 23 अप्रैल तक

**बलौदाबाजार, 8 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों की पुनर्गठन योजना 2025 जारी की गई है। पुनर्गठन योजना 2025 के तहत अनुसूची-एक, दो, तीन जारी किया गया है। जिसका अवलोकन समस्त समिति कार्यालयों, समस्त सहकारी बैंक शाखा कार्यालयों, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सकारी केन्द्रीय बैंक बलौदाबाजार-भाटापारा तथा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में किया जा सकता है। इस संबंध में सोसाइटी के सदस्यों, हितबद्ध पक्षकार, सोसाइटियों, बैंक शाखाओ एवं अन्य द्वारा सोसाइटी के पुनर्गठन से संबंधित अपना अभ्यावेदन/दावा/आपत्ति लिखित में कार्यालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं बलौदाबाजार-भाटापारा में तीन प्रतियों में दिनांक 23 अप्रैल 2025तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/अभ्यावेदन स्वीकार नहीं की जायेगी।

### रेडी टू ईट निर्माण एवं आपूर्ति करने के लिए 23 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 8 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले के सभी बाल विकास परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का निर्माण एवं आपूर्ति करने के लिए फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत् पंजीकृत सक्षम महिला स्व सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किये गए है। आवेदन पत्र 23 अप्रैल 2025 तक कार्यालयीन समय में केवल डाक/कोरियर के माध्यम से निर्धारित तिथि समय में स्वीकार किया जायेगा।अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार तथा जिले के वेबसाईट https://balodabazar.gov.in/ से प्राप्त कर सकते है।

### कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयास से खरसिया-नया रायपुर-बलौदा बाजार नई रेल लाइन को मिली मंजूरी

# परियोजना से खुलेगा विकास का नया द्वार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 8 अप्रैल।** बलौदा बाजार विधायक कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा से तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता ने बात चित की इस दौरान राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बताया कि बलौदा बाजार क्षेत्र में अब विकास की किरणे दिख रही है और रेलवे विभाग ने ट्रेन रुत नई लाइन बिछाने ऐतिहासिक क्षण को साकार किया है छत्तीसगढ़ सरकार के मेहनती मंत्री टंकराम वर्मा ने। लंबे समय से की जा रही उनकी सतत मांग और संघर्ष का फ्ल अब जिले को मिल गया है। केंद्र सरकार ने खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा मार्ग पर 278 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन की स्वीकृति देकर बलौदा बाजार को देश के बड़े रेलवे मानचित्र पर स्थापित कर दिया है।यह परियोजना न केवल जिले के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक ट्रांसपोर्टेशन क्रांति है।

**8741 करोड़ की ऐतिहासिक परियोजना-बलौदा बाजार का भविष्य अब पटरी पर:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना से प्रदेश के 8 बड़े जिलों को सीधा लाभ मिलेगा ङ्क जिनमें बलौदा बाजार सबसे मुख्य है। अब बलौदा बाजार रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे प्रमुख जिलों से सीधे जुड़ जाएगा।

**टंकराम वर्मा की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम, जिले के विकास की रफ्तार होगी दोगुनी :** मंत्री टंकराम वर्मा ने बार-बार बलौदा बाजार की रेल कनेक्टिविटी की मांग को संसद और मंत्रालय में उठाया था। उन्होंने कहाः सिर्फ रेल लाइन नहीं, बलौदा बाजार के हर गांव, हर किसान, हर व्यापारी और हर युवा के भविष्य की लाइन है। अब यहां व्यापार, उद्योग और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।

**रेलवे विस्तार से जिले के 34 गांव होंगे सीधे जुड़े, डेढ़ लाख से ज्यादा आबादी को राहत:** नई रेल लाइन से बलौदा बाजार जिले के 34 गांव सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ेंगे। इससे न केवल यातायात की सुविधा मिलेगी, बल्कि गांवों में उद्योगों की पहुंच, कच्चे माल की आपूर्ति और उत्पादों का परिवहन भी सुगम हो जाएगा।

**माल ढुलाई में ऐतिहासिक वृद्ध उद्योगों को मिलेगा बूस्ट:** बलौदा बाजार के आसपास सीमेंट प्लांट, चूना पत्थर, लौह अयस्क, कोयला और कृषि उत्पादों



की भरमार है। नई लाइन से इनका परिवहन आसान और सस्ता होगा। इससे नए निवेशकों को आकर्षित किया जा सकेगा और जिले में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

**यात्रियों के लिए नई सुविधा-एक्सप्रेस ट्रेनों का सफर होगा आसान:** अब बलौदा बाजार से नया रायपुर और खरसिया जैसे क्षेत्रों तक सीधी, तेज और सुरक्षित यात्रा संभव होगी। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए नया 615 किलोमीटर लंबा ट्रैक तैयार किया जा रहा है, जिससे यात्री समय और सुविधा दोनों में लाभ पाएंगे

**19 नए रेलवे स्टेशन-राज्य को मिलेगा मल्टी-ट्रैकिंग का फायदा :** इस परियोजना के तहत 19 नए रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे। यह नेटवर्क अब सिर्फ मौजूदा कनेक्टिविटी को नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ने का केंद्र बिंदु बनेगा।

**पर्यावरण के लिए भी वरदान-कार्बन उत्सर्जन में बड़ी कटौती:** रेलवे का यह ग्रीन प्रोजेक्ट देश को 95 करोड़ लीटर डीजल की बचत और 477 करोड़ किलो कार्बन उत्सर्जन की कटौती में मदद करेगा ङ्क जो लगभग 19 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। इससे भारत के जलवायु परिवर्तन मिशन को भी मजबूती मिलेगी।

**बलौदा बाजार विधायक ने कहा कि अब बलौदा बाजार का नाम देश के नक्शे में चमकेगा:** मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि यह केवल एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि बलौदा बाजार के सुनहरे भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में बलौदा बाजार को रेल, सड़क और डिजिटल कनेक्टिविटी में अग्रणी जिला बनाया जाएगा।

**बलौदा बाजार, अब देश को जोड़ेगा:** यह परियोजना बलौदा बाजार को छत्तीसगढ़ की औद्योगिक राजधानी में बदलने की पूरी क्षमता रखती है।

### वर्ष 2012 में गरियाबंद जिला प्रभारी मंत्री पून्नूराम मोहिले की घोषणा पर आज तक अमल नही

# कई वार्डों में मकानों के ऊपर से गई बिजली लाइन अब तक नहीं हटाई गई

■ **तालियों की गड़गड़ाहट में मंत्री जी की घोषणा न जाने कहां खो गयी?**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 8 अप्रैल।** गरियाबंद जिला के छुरा नगर में वर्ष 2012 में जिले के प्रभारी मंत्री पून्नूराम मोहिले, सासंद चन्दू लाल साहू ने नगर सुराज कार्यक्रम में नगर के उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मोहिले ने छुरा नगर के वार्ड 13, 14, 15 के मकानों के छत के ऊपर से 11 के व्ही विद्युत लाइन को मोहल्ले वासियों के मांग पर हटाने के लिए दस लाख रुपये स्वीकृति की घोषणा मंत्री जी के घोषणा पर उपस्थित जन समुहों ने तालियों की गडगडाहट से मंत्री जी की घोषणा का स्वागत किया। लेकिन मंत्री जी के घोषणा पर अमल आज तक नहीं हुआ,



मंत्री जी ने घोषणा तो कर दिया लेकिन विद्युत विभाग गरियाबंद मोहल्ले वासी को डिमांड नोट बारह साल में चौबीस बार भेज चुका है मंत्री जी की घोषणा को पूरा करने के लिए छुरा नगर के मोहल्ले वासी पैसा विद्युत विभाग गरियाबंद को भुगतान करें तब मंत्री जी की घोषणा पूरा होगा, मोहल्ले वासी जब जब मंत्री, मुख्यमंत्री, कलेक्टर गरियाबंद को स्मरण पत्र भेजते हैं तब तब बिजली विभाग गरियाबंद के अधिकारी डिमांड नोट भेजकर पैसा पटाने के लिए नोटिस थमा देते हैं।मंत्री जी की घोषणा पूरा करने के लिए जनता की जेब खाली होने के कारण समस्या का समाधान के लिये गरियाबंद कलेक्टर आफिस से बिजली विभाग, नगर पंचायत छुरा के बीच बारह साल से कागजी कार्यवाही कछुआ गति से चल रहा है।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, कलेक्टर दीपक अग्रवाल को पुनः स्मरण कराया गया है?। क्या घोषणा पर अमल होगा कि पांच साल तक कागजी घोषणा दौडेगा।

### मनोविकास केंद्र एवं वृद्धाश्रम में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बलौदाबाजार, 8 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवम् अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वाटिका वृध्दा आश्रम एवं मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार में सोमवार को चिकित्सा विभाग के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अमिता जायसवाल ने मनोविकास केन्द्र में प्रदाय की जा रही सुविधाओं, थैरेपी आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की।साथ ही उपस्थित अभिभावकों से चर्चा की।सुश्री जायसवाल द्वारा नालसा एक्ट अंतर्गत बच्चों एवं शिक्षकों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी गई।

# पंचायतों में होगा 'सुशासन त्यौहार' का आयोजन, एसडीएम ने ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमग, 8 अप्रैल।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरूद्ध मिश्रा, सीईओ अमित दुबे ने ग्राम पंचायतों में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में छ.ग. शासन द्वारा वर्ष 2025 में सुशासन तिहार संचालित करने हेतु तीन चरणों में आयोजित करने का निर्देश प्रसारित किया गया है। प्रथम चरण हेतु कार्यवाही 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम



पंचायतों में आम जनताओं के समस्या से संबंधित आवेदन लेने हेतु एक समाधान पेटी रखी जावेगी। जिसमें ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदन उस समाधान पेटी में स्वयं आवेदक द्वारा डाला जावेगा। जिसकी सुरक्षा के लिये एवं व्यवस्था हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायकों को नियुक्त किया गया है। जो कि 08 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों को व्हाटसअप के माध्यम से जनपद पंचायत में नियुक्त किये गये ऑपरेटर के पास भेजेगा।

द्वितीय चरण कार्यवाही 12 अप्रैल 2025 से 04 मई 2025 तक आयोजित किया जावेगा। जिसमें प्रथम चरण के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारी को भेजा जावेगा, एवं उक्त आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही की जावेगी। तृतीय चरण के अंतर्गत 05 मई से 31 मई 2025 तक प्रत्येक ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित कर प्रथम चरण में आवेदनों का निराकरण की कार्यवाही सुनाई जावेगी।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः**
**202504093400008**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः-2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सौमित्र सोनी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौमित्र सोनी आ. चमन सोनी जाति सोनार सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री समृद्धि आ. सौमित्र सोनी का जन्म दिनांक 07.03.2011 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है.

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.04.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः**
**202504093400010**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्- 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सौमित्र सोनी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौमित्र सोनी आ चमन सोनी जाति सोनार सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र शिवांश आ. सौमित्र सोनी का जन्म दिनांक 26.08.2018 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.04.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.-202503142400016 /अ-2/2024-25
साकिनः-तेलगरा, प.ह.नं.-19

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक चेतनसिंह पिता बहादुर सिंह जाति गोंड़, निवासी ग्राम तेलगरा, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम तेलगरा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 169/8 रकबा 0.04 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 18.04.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चारामा,
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.-202504201500006 /अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. रामकुमार कोरीम पिता नानजात आयु 40 वर्ष 2. लक्ष्मण कोरीम पिता नानजात आयु 35 वर्ष 3. लछिम पिता नानजात आयु 30 वर्ष जाति गांडा सभी सरगीपालपारा कोण्डागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-सरगीपालपारा कोण्डागांव में स्थित भूमि शीट नंबर-02 भूखण्ड क्रमांक 501/1क क्षेत्रफल 299 वर्गफुट भूमि कच्चा मकान नजूल संधारण में अनावेदकगण 1. हरिराम पिता चमरू 2. श्याम पिता चमरू 3. सावित्री पिता चमरू 4. नीलाबाई पति चमरू 5. सिरमती पिता चमरू 6. रामबती पिता चमरू 7. श्यामबती पिता चमरू 8. श्यामा पिता चमरू 9. रम्भा पिता चमरू 10. मनीषा पिता चमरू 11. सीता पिता चमरू 12. सुशीला पिता चमरू सभी की जाति गांडा पता सा.देह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज होना बताया गया है। उक्त भूखण्ड क्रमांक 501/1क क्षेत्रफल 299 वर्गफुट भूमि में आवेदकगण के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् उक्त भूमि में नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, मेंटेनेंस खसरा एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 17.04.2025 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)


### भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया

# भाजपा पार्टी नहीं परिवार है,एक विचारधारा है : अनिल पांडे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 अप्रैल।** भाजपा किसान नेता भाटापारा विधानसभा अनिल पांडे ने कहा भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है यह पार्टी नहीं परिवार है एक विचारधारा है आज जो लोग इस विचारधारा से जुड़े हुए हैं उन्हें गर्व महसूस होता है कि हम भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य हैं।

पांडे ने कहा 6 अप्रैल 1980 का ऐतिहासिक दिन कभी भुलाया नहीं भूल जा सकता क्योंकि उसी दिन भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ था लाखों लोगों को साक्षी मानकर एक विचार को परिवार के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का कसम हम सब ने खाया था आज इस बात की खुशी होती है एक छोटी सी चिंगारी बड़ी होकर बृहद रूप से पूरे दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है पांडे ने कहा शुरुआती सफर बहुत संघर्ष भरा था धीरे-धीरे हम अपने विचारधारा को पहुंचने का प्रयास कर रहे थे और लोगों से भारतीय जनता पार्टी परिवार से जुड़ने का निवेदन करते थे लेकिन उसे समय पांच से लेकर प्रधानमंत्री तक कांग्रेस के लोग हर पद पर काबिज थे ऐसे में भारतीय जनता पार्टी को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने नई ऊंचाइयों तक ले



जाने का प्रयास किया पांडे ने कहा लाल किले पर कमल निशान मांग रहा है हिंदुस्तान या नारा लेकर हम जन-जन तक यह बातों को पहुंचाने का प्रयास करते थे धीरे-धीरे कारवा बढ़ता गया और 1996 में पहली बार अटल बिहारी वाजपेई जी ने 13 दिन के लिए प्रधानमंत्री का शपथ लिया वह ऐतिहासिक क्षण भुलाए नहीं भूलता सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दिया था पांडे ने कहा उसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने 13 महीना फिर 4:30 साल तक गठबंधन की सरकार देश में चलाएं जिसमें अटल बिहारी वाजपेई ने गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में तीन बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं के लिए एक गौरव का क्षण था पांडे ने कहा लगातार कांग्रेस के घोटाले की वजह से भ्रष्टाचार की वजह से देश की जनता ने पूर्ण बहुमत की सरकार की ओर कदम बढ़ाया वह गौरवशाली दिन गौरवशाली समय 2014 में आया जब देश को नरेंद्र मोदी जी जैसे प्रधानमंत्री मिले या गर्व की बात है 2014 से आज तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार इस देश के अंदर में है कई ऐतिहासिक फैसला देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया जिसमें राम मंदिर का निर्माण धारा 370 तीन तलाक जैसे बहुत सारे ऐतिहासिक निर्णय लिए जो जन्मो जन्मो तक यादगार रहेंगे।


**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**सुकमा वनमण्डल, सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**//कैम्पा मद से पूर्व में आबंटित स्ट्राईक फोर्स वाहन का निर्वतन बाबत् निविदा सूचना//**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मण्डल अन्तर्गत कैम्पा मद से पूर्व में आबंटित स्ट्राईक फोर्स शासकीय वाहन का निर्वतन किये जाने हेतु निम्नानुसार तिथि को निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्ते कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में राशि रूपये 500/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक जो वनमंडलाधिकारी सुकमा वनमंडल के नाम से देय हो, जमा कर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्तें प्राप्त कर सकते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा विवरण | प्रथम निविदा | द्वितीय निविदा | तृतीय निविदा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा फार्म प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि | 05.05.2025 से प्रातः 10:30 से 5:30 बजे तक | 19.05.2025 से प्रातः 10:30 से 5.30 बजे तक | 02.06.2025 से प्रातः 10:30 से 5:30 बजे तक |
| 2 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 13.05.2025 तक प्रातः 10:30 से 5:30 बजे तक | 23.05.2025 तक प्रातः 10:30 से 5.30 बजे तक | 05.06.2025 तक प्रातः 10:30 से 5:30 बजे तक |
| 3 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | 14.05.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक | 26.05.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक | 06.06.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि | 14.05.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे | 26.05.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे | 06.06.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे |

स्थानः वनमण्डल कार्यालय सुकमा

वनमण्डलाधिकारी
सुकमा वनमण्डल, सुकमा

जी-252600122/5

## एक नजर

### मोवा में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**रायपुर, 08 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी का 46 वा स्थापना दिवस रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 मोवा के पार्षद कार्यालय में मनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा नेताओं ने लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष मनीष नागौडे ,राजेश अग्रवाल , जे पी चंद्रवंशी , जुगल किशोर निर्मलकर , शांतनु साहू , उमेश भेकर , कमलेश शर्मा ,वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी , आरिफ सिद्धिकी , महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सरोज साहू , अनीता वर्मा , सरोजनी वर्मा , यशोदा साहू , मानहरण यादव , हरीश द्विवेदी , पीलेश्वर वर्मा , खेमचंद साहू , गुरु भाई , मिनेंद्र साहू , शिव शर्मा , गब्बर भाई सहित वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता साथी शामिल हुए। उक्त जानकारी भाजपा मोवा मंडल मीडिया प्रभारी गणेश राम साहू ने दी है।

### विप्र कॉलेज को एक लाख रुपए दान



**रायपुर, 08 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में प्रबंध विभाग के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए गौरव शुक्ला की ओर से शिखा शुक्ला ने 100000 की राशि एवं लाइब्रेरी में 300 किताबें प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी से मुलाकात कर प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने शिखा शुक्ला को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में अध्ययन- अध्यापन के साथ खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी से अवगत भी कराया। विप्र महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन के लिए छात्रवृत्ति योजना में भागीदारी के लिए शिखा शुक्ला के प्रति आभार प्रकट करते हुए बताया कि विप्र समाज के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में इस प्रकार का सहयोग उनके विश्वास को दर्शाता है, जो प्रबंध समिति को विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### महावीर जयंती पर मांस - मटन विक्रय पर प्रतिबंध

**रायपुर, 08 अप्रैल।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चैबे के निर्देश पर सम्पूर्ण नगर पालिक निगम रायपुर के परिक्षेत्र में महावीर जयन्ती पर्व दिनांक 10 अप्रैल 2025 को मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही ने महावीर जयन्ती पर्व दिनांक 10 अप्रैल 2025 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है।

### शहीद राव पाण्डेय की जयंती 11 अप्रैल को

**रायपुर, 08 अप्रैल।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में शहीद राव पाण्डेय की जयन्ती दिनांक 11 अप्रैल 2025 को प्रातः 10 बजे राजधानी शहर रायपुर के संजय नगर टिकरापारा में स्थित शहीद राव पाण्डेय की मूर्ति के समक्ष उनका नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

### रविवि का ग्रेडेशन बढ़ाने कर्मियों की भर्ती जरूरी

**रायपुर, 08 अप्रैल।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारी नेता द्वय



वर्तमान छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति,,के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव ने यह तथ्य बताते हुए वि वि और शासन से मांग कि की वि वि में लगातार सेवानिवृति हो रही है ऐसे में कर्मचारियों की नई भर्ती नहीं हो रही है तो ऐसे में कर्मचारियों मे लगातार वर्क लोड बढ़ता जा रहा है साथ ही कर्मचारियों की पदोंनति नहीं होने से कर्मचारियों मे कुंठा और अवसाद अपनी जगह बनाता जा रहा है द्य कर्मचारियों को तनाव और अवसाद से बचाने के लिए जल्द से जल्द नई नियुक्ति और पदोन्नति दी जाय। कर्मचारी नेता द्वय ने बताया कि 22 जनवरी 2019 में पदोन्नति हुए थे इन कर्मचारियों की कन्फर्मेशन आदेश शीघ्र जारी कर, पदोन्नतिसमिति की बैठक जल्द से जल्द आहूत कर, पदोन्नति आदेश यू सी की नैक टीम के आने के पूर्व जारी की जाए ताकि ग्रेडेशन में इसका लाभ वि वि को मिल सके।

# बर्खास्त शिक्षक आखिर जाएं तो जाएं कहां

■ सरकार उचित निर्णय लेगी : उपमुख्यमंत्री

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 08 अप्रैल।** बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त 2897 सहायक शिक्षकों की पीड़ा दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। परिवार आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। एक मात्र सरकार ही है जो उनके दर्द का अहसास कर समाधान निकाल सकती है। जैसे की तरुण छत्तीसगढ़ ने पहले ही सुझाया था कि इन 'शिक्षकों का प्रयोगशाला सहायक के रूप में समायोजन कर दिया जाए' सरकार के लिए सुविधाजनक समाधान होगा। आखिर ये बर्खास्त शिक्षक कहां जाएं। इनके साथ तो मुंह से भोजन का कौर छीनने जैसी बात हुई है। नौकरी मिल जाने की खुशी एक झटके में सदमे में बदल गई। इसी नौकरी के दम पर न जाने क्या-क्या सपने सजाए गए थे। स्वयं की शादी से लेकर बहन के हाथ पीले करने, मकान की मरम्मत, पिता का आर्थिक



बोझ हल्का करने जैसी योजनाएं बनाई गई थी। ज्ञात हो कि बीएड प्रतिशिक्षित इन सहायक शिक्षकों की नियुक्ति नौ फरवरी 2024 व 7 मार्च 2024 को की गई थी। कोर्ट के आदेश पर 31 दिसम्बर 2024 को इन्हें बर्खास्त कर दिया गया। चूंकि सरकार ने इन्हें नौकरी पर रखा था और सरकार ने ही निकाला है लिहाजा सरकार की ही जिम्मेदारी बनती है कि इनका समायोजन करे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर सरकार उचित निर्णय लेगी। शिक्षकों की मांग सरकार के संज्ञान में है।

## बर्खास्त शिक्षकों के समर्थन में उतरे सांसद

रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश के 2621 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर इन शिक्षकों को एक बार छूट प्रदान करते हुए प्रयोगशाला सहायक/ व्यायाम शिक्षक जैसे समकक्ष पदों पर समायोजित करने की मांग की है। अग्रवाल ने अपने पत्र में यह स्पष्ट किया कि वर्ष 2023 में राज्य सरकार द्वारा जारी की गई भर्ती प्रक्रिया में तकनीकी कारणों से नियुक्त सहायक शिक्षकों को 16 माह की सेवा के उपरांत बर्खास्त कर दिया गया। यह निर्णय इन शिक्षकों और उनके परिवारों पर आर्थिक और मानसिक संकट बनकर टूटा है। अधिकतर शिक्षक मध्यम वर्गीय व बीपीएल परिवारों से आते हैं और अब बेरोजगारी के चलते उनके समक्ष रो-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि ये युवा राज्य की शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बन चुके थे और आज वे मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राज्य सरकार संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए इन शिक्षकों को समकक्ष पदों पर एक बार की विशेष छूट के माध्यम से समायोजित करे। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य के मिडिल और हाई स्कूलों में प्रयोगशाला सहायक जैसे कई समकक्ष पद रिक्त हैं, जिन पर इन योग्यताधारी बर्खास्त शिक्षकों को समायोजित किया जा सकता है। सांसद ने यह मांग की है कि राज्य सरकार संवेदनशीलता दिखाते हुए संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुरूप वन रक्षा के अपने कर्तव्यों का पालन करे और इन शिक्षकों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए।





रायपुर। महापौर श्रीमती मीनल चौबे नवरात्रि के समापन पर ज्योत-जंवारा विसर्जन शोभा यात्रा में सिर पर ज्योत लेकर शामिल हुए।

# वक्फ कानून से गरीब मुसलमानों और महिलाओं को मिलेगा लाभः साव

**रायपुर, 08 अप्रैल।** उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 लोकसभा एवं राजसभा में पारित होने के बाद राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने भी बिल को मंजूरी दे दी है। अब यह कानून का रूप ले लिया है।

नरेंद्र मोदी ने सर्वसम्मति से एक राय बनाते हुए मुस्लिम समाज के विकास और तरक्की के लिए ऐतिहासिक निर्णय है। वक्फ चुनिंदा लोगों के लिए नहीं बल्कि एक आम मुस्लिम, गरीब के लिए उपयोगी होगा। साव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म, परफॉर्म की पॉलिसी पर देश चलाना चालू किया है। उसी के तहत वक्फ संशोधन बिल को कानून के रूप में राष्ट्रपति ने मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि, यह कानून बड़ा परिवर्तनकारी साबित होगा। वक्फ की संपत्ति का पारदर्शी तरीके से प्रबंधन हो, इस उद्देश्य से यह कानून बनाया है। इसका बड़ा लाभ





गरीब मुसलमानों एवं महिलाओं को मिलेगा। अन्य समाज और वर्ग को भी बड़ा लाभ मिलेगा। साव ने बताया कि, पहले कोई भी वक्फ को जमीन दान कर सकता था, लेकिन नए बिल के अनुसार दानदाता के मुसलमान होने की शर्त है। दानदाता को कम से कम 5 साल से मुसलमान होना अनिवार्य होगा। पहले के कानून में सरकारी जमीन को वक्फ से छूट नहीं थी। लेकिन अब नए कानून के मुताबिक सरकारी जमीन को वक्फ नहीं माना जाएगा। अगर कोई सरकारी ज़मीन गलती से वक्फ रिकॉर्ड में दर्ज हो गई हो, तो अब उसे वक्फ नहीं माना जाएगा, ऐसे मामलों में फैसला कलेक्टर करेंगे। वक्फ बोर्ड में महिलाओं को भी स्थान मिलेगा। वहीं 5वीं और 6वीं अनुसूची के क्षेत्रों में किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा। इससे आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जों पर रोक लगेगी। वक्फ कानून के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी , गृह मंत्री आदरणीय श्री अमित शाह एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री किरण रिजू को बधाई देता हूं।

## महापौर के निर्देश का स्वागत

**रायपुर, 08 अप्रैल।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने जियो और जीने दो भगवान महावीर स्वामी के उपदेश को चरितार्थ करते महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश का स्वागत किया है कि भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक के अवसर पर 10 अप्रैल को रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मांस मटन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है जिस पर निर्देश देते हुए महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सभी होटलों ढाबों ठेले खोमचे में नॉनवेज विक्रय पर बैन लगाया है । जिससे भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर हजारों पशु पक्षियों को जीवनदान मिला है । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट व सकल जैन समाज ने महापौर के इस सुकृत्य की भूरि भूरि अनुमोदना करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की है ।

## महंगाई से जूझ रही जनता पर मोदी सरकार का दोहरा प्रहार

**रायपुर, 08 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि मोदी निर्मित महंगाई से देश की जनता त्रस्त हो चुकी है। आज एक बार फिर सरकार ने जनता पर महंगाई का दोहरा प्रहार किया है। एक तरफ जहां क्रूड ऑयल अंतरराष्ट्रीय मार्केट में ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर में आ गया है, दूसरी तरफ मोदी सरकार सेंट्रल एक्साइज में 2 रुपए की बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। पिछले 4 दिनों में अंतराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल 16 परसेंट घटा है लेकिन डीजल, पेट्रोल के दाम कम होने के बजाए बढ़ ही रहे हैं। अंतराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड ऑयल 65 डॉलर प्रति बैरल के न्यूनतम रिकॉर्ड के आसपास है जो 2014 की तुलना में लगभग आधा है लेकिन इसका लाभ जनता को नहीं देकर केंद्र की मोदी सरकार और तेल कंपनियां अपने जेब में डाल रही है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में अचानक 50 रुपए की वृद्धि आम जनता के प्रति अन्याय है। उज्ज्वला योजना के नाम पर ढोल पीटने वाली मोदी सरकार ने गरीब जनता की आंखों में धूल झोंक रही है। केंद्र सरकार के द्वारा रसोई गैस की कीमतों में की गई वृद्धि उज्ज्वला के हितग्राही और सामान्य उपभोक्ताओं दोनों के ऊपर यह अनुचित बढ़ोतरी लागू होगी। मोदी निर्मित महंगाई के चलते उज्ज्वला के 90 प्रतिशत हितग्राही दोबारा अपने गैस सिलेंडर को रिफिल करने की स्थिति में नहीं थे, अब 50 रुपए प्रति सिलेंडर की भारी भरकम बढ़ोतरी से बचे खुचे उज्ज्वला हितग्राही अपना सिलेंडर कैसे रिफिल करा पाएंगे?

### स्मिता ने कराया वयोवृद्ध का पुनर्वास

**रायपुर, 08 अप्रैल।** नवरात्रि के पावन दिनों में शकुंतला फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता सिंह द्वारा नेक कार्य किया गया कमल विहार में 9 वर्षों से खुले आसमान के नीचे सड़क किनारे अपना वन यापन कर रही माता के बारे में स्मिता सिंह को रामकृष्ण केयर में कार्यरत सेम्युअल से सूचना मिली आप ने एक दिन में ही माता की मनोहर कल्याण आश्रम में रहने की व्यवस्था कराई । इसके पूर्व में भी स्मिता सिंह द्वारा असंख्य विक्षिप्तों व बुजुर्गो का पुनर्वास कराया गया है। आज के इस नेक प्रयास में स्मिता सिंह के साथ रामकृष्ण केयर अस्पताल के ड्रेसर सेम्युअल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा ऐसे ही असहाय बुजुर्गो के लिए पाहंदा गांव में वृद्धाश्रम निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



# रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा



**रायपुर, 08 अप्रैल।** रामनवमी के पावन पर्व पर नगर पंचायत कुसमी और नगर पंचायत बेरला में भव्य शोभा यात्राओं का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ किया गया। इन शुभ अवसरों पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन संगठन एवं बीजेपी किसान नेता योगेश तिवारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। योगेश तिवारी ने भगवान श्रीराम की दिव्य झांकी का दर्शन कर नगरवासियों को रामनवमी की मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का वन सत्य, मर्यादा और सेवा का प्रतीक है, जिससे आज के समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को धर्म, शांति और समरसता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कुसमी नगर पंचायत शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से गुलाब साहू, अभिषेक साहू, वेदप्रताप साहू, लखन साहू, मनीष साहू, सागर यादव, रणत यादव, संदीप, दीपक साहू, अविनाश राजपूत, ऋतिक राजपूत, रूपेश वैष्णव, राजकुमार साहू, केशव साहू, दुलार साहू, विकम साहू, दुनाल साहू, दानेश्वर साहू, रितेश, बंशी साहू, केशरी साहू, तोषण साहू, खिलेश्वर साहू, डामन साहू, छगनलाल साहू, पवन साहू, पीलाराम साहू, गौकरण साहू, पिंटू साहू, दुर्गेश साहू व श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। बेरला नगर पंचायत शोभा यात्रा में उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सोनी (जिला उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा बेमेतरा), नितेश सोनी, युगल पाटिल, उमा ध्रुव (पार्षद), मानक चतुर्वेदी (पार्षद), राकेश सोनी, नवीन गौतम, मनोज सोनी, हितेश्वर निर्मलकर, सूरज सोनी, निक्कू सोनी, प्रवीण गोस्वामी, पोषण निर्मलकर, अरमान श्रीवास, सूरज वर्मा व श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### आईटीएम में दो नए बीबीए प्रोग्राम की घोषणा



**रायपुर, 08 अप्रैल।** आईटीएम यूनिवर्सिटी ने दो नए बीबीए प्रोग्राम की घोषणा घोषणा की है। साथ ही नवीनतम शैक्षणिक पेशकशों का अनावरण किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के लॉन्च के साथ-साथ, विश्वविद्यालय 2025 चक्र के लिए अपना एडमिशन ब्रोशर भी जारी करेगा, जिसमें करियर-परिभाषित अवसरों, मजबूत प्लेसमेंट परिणामों और नए अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों पर प्रकाश डाला जाएगा, जो आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर को मध्य भारत में उच्च शिक्षा के अग्रणी केंद्र के रूप में अलग करते हैं। लॉन्च से पहले बोलते हुए, आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर की प्रो वीसी सुश्री लक्ष्मी मूर्ति ने कहा, हम इन नए युग के कार्यक्रमों को पेश करने के लिए उत्साहित हैं जो उभरते उद्योग की जरूरतों के साथ संरेखित हैं। हमारा ध्यान नौकरी के लिए तैयार स्नातकों को तैयार करने पर है जो न केवल अकादमिक रूप से मजबूत हैं बल्कि व्यावहारिक ज्ञान और वैश्विक प्रदर्शन से भी लैस हैं।

# सिद्धि माता मंदिर संडी में पशुबलि पर रोक लगे

**रायपुर, 08 अप्रैल।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि बेमेतरा के संडी स्थित सिद्धि माता मंदिर में बलि प्रथा पर पूर्णतः रोक लगे.पिछले कई वर्षो से क्षेत्र के अनेक नागरिक इस स्थल पर रोक लगाने की मांग कर रहे है.यहाँ तक कि मंदिर समिति भी अब पशुबलि पर रोक के लिए सहमत हो गयी है कुछ समय तक बलि बंद भी रही पर इस वर्ष फिर कुछ लोगों शुरू की है .अब इस कुप्रथा पर सदैव के लिए प्रभावी रोक लगना चाहिए. डॉ दिनेश मिश्र ने कहा प्रदेश में राज्य सरकार के धर्मस्व एवं न्यास विभाग के आदेश के बावजूद कुछ स्थानों पर पशुओं की बलि चढ़ाये जाने की परंपरा जारी है, जबकि राज्य में पशुबलि निषेध अधिनियम लागू है तथा राज्य शासन के धर्मस्व एवं न्यास विभाग द्वारा पशुबलि पर रोक के लिए लिखित में आदेश भी जारी किया जा चुका है इसके बाद भी पशुबलि की परंपरा का जारी रहना उचित नहीं है। देश के अनेक धार्मिक स्थलों में आज भी विभिन्न धार्मिक अवसरों पर पशुओं के बलि देने की परंपरा कायम है जबकि किसी भी धर्म ने हिंसा को मान्यता नहीं दी है। सभी धर्म प्रेम और अहिंसा पर चलने की ही सीख देते हैं फिर भी कुछ पुरातन मान्यताओं का सहारा लेकर पशुबलि की घटनाओं के समाचार मिलते हैं।



डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि बेमेतरा के संडी स्थित सिद्धि माता मंदिर परिसर में सैकड़ो पशुओं की बलि चढ़ती है। जिससे महौल ,अशांत परिसर अपवित्र, रक्तरंजित होता है । उक्त बलि प्रथा का विरोध पूर्व में अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति द्वारा किया जा चुका है, साथ ही कबीरपंथी ,सर्वसमाज ने भी इसका विरोध किया है तथा ज्ञापन सौंपा है, अब मंदिर समिति भी अब पशुबलि पर रोक के लिए सहमत है अतएव प्रशासन को सहयोग कर बलि की इस कुपरम्परा पर रोक लगने के लिए मदद करनी चाहिये. अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति बलि प्रथा के खिलाफ अनेक वर्षों से कार्य कर रही है। वहीं राज्य सरकार के धर्मस्व एवं न्यास विभाग से पशुबलि रोकने कई बार आग्रह भी किया गया है. जिसे गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार के धर्मस्व विभाग द्वारा सितम्बर 2010 में प्रदेश के सभी देवी मंदिरों में बलि प्रथा पर रोक लगाने का आदेश जारी किया गया है. डॉ. मिश्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पशुबलि प्रतिषेध अधिनियम 1989 के तहत पशु बलि प्रतिबंधित है और इसके उल्लंघन पर तीन महीने की जेल या जुर्माने का प्रावधान है. राज्य के कई धार्मिक स्थलों पर भैंसा और बकरे की बलि देने की परंपरा रही है. समिति के प्रयासों से पिछले वर्षों में अनेक स्थानों पर पशुबलि की परंपरा बंद हो गई है। सभी धर्मों एवं धार्मिक स्थानों में ऐसे निर्णय लिए जाने चाहिए ताकि धर्म के नाम पर निरीह पशुओं को मारने पर अंकुश लग सके।





कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26